RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

4th Year Anniversary

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

## गुस्ताखी माफ

हंगामे-हुड़दंग में, सिर्फ.दिखा टकराव।
दूर-दूर तक ना दिखा, होली पर सद्भाव।
होली पर सद्भाव, भला यह कैसी होली।
छूटे रंग-गुलाल, चल रहे डंडे-गोली।
कह साहिल कविराय, बनाओ इनको मामे।
करते जो हुड़दंग, मचाते जो हंगामे।



- डॉ. राजेन्द्र साहिल

VOL: 11 | ISSUE 53 | SATURDAY 07-03-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

# लुधियाना के पॉश इलाकों में पेड़ काटने वालों की अब खैर नहीं, FIR, क्या पेड़ों की कब्र पर रखी जा रही विकास की नींव ?

राजदीप सिंह सैनी

लुधियाना/यूटर्न/6 मार्च। लुधियाना के पॉश इलाकों में अब एक नया गैंग एक्टिव हो चुका है। जिनकी और से धड़ल्ले से पेड़ काटकर बेचे जा रहे हैं। लगातार पर्यावरण के साथ खिलवाड़ करने के चलते अब आम आदमी पार्टी के नेता व समाजसेवी रविंदर पाल सिंह घई इसके विरोध में आगे आए हैं। जिनकी और से इस संबंधी एनजीटी, सीएम भगवंत मान, पंजाब गवर्नर, डायरेक्टर लोकल बॉडी विभाग, बागबानी विभाग, फॉरेस्ट विभाग और नगर निगम को शिकायतें दी है। वहीं पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट में एक याचिका दायर कर मामले में सूमूटो लेने की मांग की है। इस शिकायत के बाद बागबानी विभाग के आदेशों पर पुलिस द्वारा गुरदेव नगर और बीआरएस नगर में पेड़ काटने पर दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। वहीं उनकी तलाश में रेड की जा रही हैं। चचाएं हैं कि कुछ शरारती तत्वों द्वारा पेड़ काटकर आगे बेचकर मोटी कमाई की जा रही है।

### एनजीटी ने सरकार को कार्रवाई के दिए निर्देश

वहीं इस मामले में घई की शिकायत के बाद एनजीटी की और से पंजाब सरकार को एक्शन लेने के आदेश दिए हैं। वहीं पंजाब सरकार द्वारा नगर निगम और संबंधित विभागों को कार्रवाई के लिए कहा है। दूसरी तरफ फॉरेस्ट विभाग ने नगर निगम को कार्रवाई के लिए लिखित में कहा है।






आप लीडर व समाजसेवी रविंदर पाल सिंह घई

### *पॉश इलाकों में काटे जा रहे पेड़*

*रविंदर पाल सिंह घई ने कहा कि यह पेड़ ज्यादातर पॉश इलाकों में काटे जा रहे हैं। जिसमें मॉडल टाउन, घुमारमंडी, सिविल लाइंस, रानी झांसी रोड, गुरदेव नगर, बीआरएस नगर, कॉलेज रोड प्रमुख रुप से शामिल हैं। जबकि इन इलाकों में असली सुदंरता पेड़ हैं। लेकिन कुछ लोग अपनी कमाई के चक्कर में बड़े-बड़े पेड़ों को चोरी से काटकर बाद में उसे महंगे दामों पर बेच रहे हैं। हालांकि चचाएं हैं कि इस चोरी में कई नामी लोगों और राजनेताओं के शामिल होने की चचाएं हैं।*

### कई लीडरों व नामी लोगों की मिलीभगत की चचो,

वहीं आए दिन लुधियाना में जबरन पेड़ काटने की वीडियोज सोशल मीडिया पर सामने आती रहती है। चर्चा है कि इतने बड़े पेड़ काटना कोई आसान काम नहीं है। इसके लिए नीचे से लेकर ऊपर तक सेटिंग की जाती है। जिसमें कई नेता और नामी लोगों की मिलीभगत की चचाएं हैं। अब देखना होगा कि क्या पंजाब सरकार मामले में एक्शन लेती है या नहीं। वहीं यह भी बता दें कि जिन इलाकों में पेड़ काटे जा रहे हैं, उसमें ज्यादा हल्का वेस्ट यानि कि मंत्री संजीव अरोड़ा के हल्के के इलाके हैं। अब देखना होगा कि वह क्या एक्शन लेते हैं।


**छुट्टी के दिनों में काटे जाते हैं पेड़...**वहीं, घई ने कहा कि ज्यादातर पेड़ छुट्टी के दिनों में काटे जा रहे हैं। दरअसल, छुट्टी के चलते सरकारी अधिकारी ऑफिसों में नहीं होते और लोग घरों में रहते हैं। जिसका फायदा उठाकर शरारती तत्व चोरी छिपे पेड़ काट डालते हैं। घई ने आरोप लगाया कि पिछले दिनों रानी झांसी रोड और कॉलेज रोड पर पेड़ काटने का मामला सामने आया है।

## 6 घंटे में सुलझा दोहरे कत्ल का मामला, 3 आरोपी गिरफ्तार

नवीन गोगना

लुधियाना, यूटर्न, 05 मार्च: सहनेवाल पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए दोहरे कत्ल के मामले को मात्र 6 घंटे के भीतर सुलझाते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस जानकारी के अनुसार, 5 मार्च को थाना डिवीजन नंबर-6 सहनेवाल में शिकायतकर्ता संतोष सिंह और बलविंदर कौर के बयानों के आधार पर मामला दर्ज किया गया।





Celebrate your Birthday
or Anniversary with UTURN TIME
in association with
Hot Breads
0161-4603333, 5012222
2 LUCKY WINNERS
WILL GET CAKE WORTH
OF ₹1200 EACH
*WINNERS WILL BE DECIDED
THROUGH LUCKY DRAW
T&C
FOR MORE DETAILS, CALL: 99882-20063, 98142-95372
janhetaishi@gmail.com, hetaishinews@gmail.com
All rights about Distribution & Offer will be
reserved by U-TURN TIME MANAGEMENT Only.

# ड्रीम इंडस्ट्रियल पॉलिसी से पहले मंत्री अरोड़ा का हर वर्ग को पावरफुल तोहफा

## पंजाब में सस्ती हुई बिजली, कमर्शियल 74 पैसे और घरेलू 1.50 रुपए कम हुए रेट, वकीलों को डोमेस्टिक रेट लगेगा, एक अप्रैल से नियम लागू

राजदीप सिंह सैनी

पंजाब/यूटर्न/6 मार्च। पंजाब सरकार ने राज्य की जनता को बड़ी राहत देते हुए बिजली दरों में कटौती करने का ऐलान किया है। जिसके चलते अब कमर्शियल यानि कि इंडस्ट्री को 74 पैसे प्रति यूनिट और घरेलू यानि कि घरों को 1.5 रुपए प्रति यूनिट बिजली सस्ती मिलेगी। इस कटौती का लाभ 1 अप्रैल 2026 से पंजाब भर के बिजली उपभोक्ताओं को मिलेगा। हालांकि बता दें कि पंजाब के पावरकॉम विभाग मंत्री संजीव अरोड़ा द्वारा लगातार अहम फैसले लिए जा रहे हैं। यह फैसला भी एक नींव पत्थर साबित होने जा रहे हैं, क्योंकि आज तक बिजली के रेट इतने ज्यादा कभी नहीं घटे हैं। इस ऐलान के बाद आम जनता में खुशी की लहर है।






पावरकॉम मंत्री संजीव अरोड़ा

### 300 यूनिट फ्री बिजली स्कीम रहेगी जारी

वहीं बिजली दर कम होने के बाद लोगों में कई तरह की असमंजस है। लेकिन बता दें कि पंजाब सरकार द्वारा घरेलू उपभोक्ताओं को हर महीने 300 यूनिट फ्री बिजली देती है, वह स्कीम पहले की तरह लागू रहेगी। वहीं जिन लोगों के 300 यूनिट से ऊपर बिल आता था, अब उन्हें भी बिल पेमेंट आदयगी में राहत मिलेगी।

### फिक्स चार्ज कम होने से स्मॉल इंडस्ट्री को फायदा

वहीं इस फैसले के बीच सरकार द्वारा स्मॉल इंडस्ट्री को बड़ी राहत देते हुए फिक्स चार्ज कम कर दिए हैं। दरअसल, कंज्यूमर्स को दो तरह के फिक्स चार्ज लगते थे। जिसमें एक तो जितनी बिजली कंज्यूम की, उस पर चार्ज लगते थे। वहीं बिजली इस्तेमाल करें या न करें, फिर भी चार्ज लगते थे। जिस कारण 12 घंटे चलने वाली छोटी इंडस्ट्री को नुकसान होता था। लेकिन अब उक्त फिक्स चार्ज कम करने से उन्हें राहत मिलेगी।

### देश में सबसे कम चार्जिंग स्टेशनों के बिजली रेट

वहीं इस घोषणा के बीच पंजाब सरकार द्वारा एक और अहम फैसला लिया गया है। जिसमें इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग स्टेशनों के लिए बिजली दरों को पांच रुपए प्रति यूनिट कर दिया गया है। यह रेट पूरे देश में सबसे कम है। आज तक किसी भी चार्जिंग स्टेशन पर इतनी सस्ती बिजली नहीं मिल सकी है। इसका अहम कारण प्रदूषण मुक्त राज्य बनाना है।

### नॉन-रेजिडेंशियल (कमर्शियल) उपभोक्ताओं के लिए बिजली दरों में कटौती

- 7 किलोवाट तक (0–500 यूनिट): पुरानी दर 6.89 प्रति यूनिट थी, जिसे घटाकर 6.10 प्रति यूनिट कर दिया गया है। यानी 79 पैसे प्रति यूनिट की कमी।
- 7 किलोवाट तक (500 यूनिट से अधिक): पहले उपभोक्ताओं को 7.75 प्रति यूनिट देना पड़ता था, अब यह घटकर 7.10 प्रति यूनिट हो गया है। यानी 65 पैसे की राहत।
- 7 किलोवाट से 20 किलोवाट तक (0–500 यूनिट): पहले दर 6.89 प्रति यूनिट थी, जिसे घटाकर 6.10 प्रति यूनिट कर दिया गया है। यानी 79 पैसे प्रति यूनिट कम।
- 7 किलोवाट से 20 किलोवाट तक (500 यूनिट से अधिक): पुरानी दर 7.75 प्रति यूनिट थी, जो अब 7.10 प्रति यूनिट कर दी गई है। यानी 65 पैसे की कमी।
- 20 kVA से 100 kVA तक (सभी यूनिट): पहले दर 6.75 प्रति यूनिट थी, अब इसे घटाकर 6.25 प्रति यूनिट कर दिया गया है। यानी 50 पैसे प्रति यूनिट की कमी।
- 100 'श्अ से अधिक (सभी यूनिट): पुरानी दर 6.96 प्रति यूनिट थी, जिसे घटाकर 6.45 प्रति यूनिट किया गया है। यानी 51 पैसे की राहत।

**इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग स्टेशन:** पहले चार्जिंग के लिए 6.28 प्रति यूनिट देने पड़ते थे, अब यह घटकर 5.00 प्रति यूनिट कर दिया गया है। यानी 1.28 प्रति यूनिट की सबसे बड़ी कटौती।

### सरकार जनता के हित में ले रही फैसले



वहीं कारोबारी संजू धीर ने कहा कि घरेलू व कमर्शियल बिजली रेट कम करना एक अच्छा कदम है। इससे हर व्यक्ति को फायदा मिलेगा। सरकार जनता के हित में अच्छे फैसले ले रही है।

### टैरिफ न बढ़ाना, एक अहम फैसला



कारोबारी संदीप जैन ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा इंडस्ट्री पर लगने वाले बिजली टैरिफ को बढ़ाया जाना था। लेकिन अब उसे न बढ़ाने का फैसला लिया गया है। जिससे इंडस्ट्री को काफी राहत मिलेगी। इंडस्ट्री को पहले ही सरकार बिजली पर सब्सिडी दे रही हैं, वहीं यह दरें कम करने का फैसला अहम है।

### वकीलों को डोमेस्टिक दर पर मिलेगी बिजली

वहीं इसी के साथ साथ सरकार द्वारा राज्य में चैंबर इस्तेमाल करने वाले सभी वकीलों को भी बड़ी राहत दी है। दरअसल, वकीलों द्वारा चैंबरों में बिजली मीटर लगाए जाते हैं। जिसके चलते पावरकॉम द्वारा उन्हें कमर्शियल रेट के मुताबिक चार्ज लगाया जाता है। वकीलों द्वारा इसमें राहत देने की मांग की जा रही थी। जिसके चलते अब उन्हें कमर्शियल की जगह डोमेस्टिक रेट पर चार्ज लगाए जाएंगे।



### पहली बार पंजाब में इतने कम हुए रेट

कारोबारी अमित थापर ने कहा कि सरकार पहले ही इंडस्ट्री को सब्सिडी दे रही है, ऊपर से इतने रेट कम करना, एक अच्छा स्टैप है। पहली बार सुना है कि सरकार इतने ज्यादा बिजली यूनिट रेट कम कर रही है। सरकार मुताबिक पावरकॉम फ्री बिजली देकर भी प्रॉफिट में है, जिससे पता चलता है कि बिजली विभाग कितने अच्छे तरीके से मैनेंज किया जा रहा है।

# राष्ट्रीय त्योहार होला मोहल्ला के मौके पर, भाई घनिया जी सोसाइटी ने आनंदपुर साहिब में ब्लड डोनेशन कैंप लगाया

## हर तीन महीने में ब्लड डोनेट करने से बड़ी बीमारियों से राहत मिलती है - डायरेक्टर सुनीता भगत



सुनील पांडेय

लुधियाना / राष्ट्रीय त्योहार होला मोहल्ला के मौके पर और इंसानियत की भलाई के लिए, भाई घनिया जी मिशन सेवा सोसाइटी (फ्र) ने पंजाब स्टेट ब्लड ट्रांसफ्यूजन काउंसिल पंजाब की डायरेक्टर सुनीता भगत की देखरेख में, घनिया जी मिशन सेवा सोसाइटी (फ्र) के चीफ सेवादार जत्थेदार तरनजीत सिंह निमाणा की देखरेख में, सिविल सर्जन रोपड़ डॉ. नवरूप कौर के साथ मिलकर पंज प्यारा पार्क श्री आनंदपुर साहिब में 871वां महान ब्लड डोनेशन कैंप लगाया। महान ब्लड डोनेशन कैंप का उद्घाटन करने के लिए खास तौर पर आई ढरअउ की डायरेक्टर डॉ. सुनीता भगत ने होला मोहल्ला के सालाना जोर मेले में जरूरतमंद मरीजों के लिए लगाए गए महान ब्लड डोनेशन कैंप की तारीफ की और कहा कि हर सेहतमंद इंसान को तीन महीने बाद ब्लड डोनेट करने से दिल जैसी बड़ी बीमारियों से राहत मिलती है। इस डोनेशन से कई कीमती जानें बचाई जा सकती हैं। इस मौके पर, डायरेक्टर श्रीमती सुनीता भगत और सिविल सर्जन, रोपड़ डॉ. नवरूप कौर ने ब्लड डोनर्स की हिम्मत बढ़ाई और उन्हें सर्टिफिकेट और मेडल देकर सम्मानित किया। इस मौके पर, ब्लड डोनेशन कैंप के दौरान, भाई घनिया जी मिशन सेवा सोसाइटी (रजिस्टर्ड) के चीफ सेवादार, जत्थेदार तरनजीत सिंह निमाणा ने कहा कि डॉ. अमनप्रीत कौर, इ.ळ.कड., सिविल हॉस्पिटल, लुधियाना और डॉ. हरलीन कौर, सिविल हॉस्पिटल, रोपड़ की मदद से इकट्ठा किया गया ब्लड जरूरतमंद मरीजों को फ्री में दिया जाएगा। इस मौके पर हरप्रीत कौर, अमनदीप, सुखविंदर कौर, शमा विलियम रंधावा सिंह, जत्थेदार बलदेव सिंह संधू, राणा सिंह ग्रेवाल दाद, गुरदीप सिंह ग्रेवाल, सरबजीत सिंह सोहल, गुरमेल सिंह ग्रेवाल आनंद राज मौजूद थे। तस्वीर में पीसीईसी की डायरेक्टर डॉ. सुनीता भगत, सिविल सर्जन रोपड़ डॉ. नवरूप कौर, जत्थेदार तरनजीत सिंह निमाणा रक्तदाताओं को सम्मानित कर रहे हैं।

# तेज रफ्तार मोटरसाइकिल की टक्कर से बुजुर्ग महिला की मौत

## जीरकपुर में हादसा, अस्पताल में इलाज के दौरान तोड़ा दम

जीरकपुर, यूटर्न, 06 मार्च। जीरकपुर में तेज रफ्तार मोटरसाइकिल की टक्कर से 84 वर्षीय बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। पुलिस ने लापरवाही से वाहन चलाने और लापरवाही से मौत का कारण बनने के आरोप में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार मृतका की पहचान नरिंदर कौर निवासी दशमेश कॉलोनी, जीरकपुर के रूप में हुई है। मंगलवार शाम करीब साढ़े पांच बजे वह अपनी बेटी राजिंदर कौर के साथ गुरुद्वारा सिंह सभा की ओर पैदल जा रही थीं। जब वे अग्रवाल स्वीट्स के सामने स्लिप रोड के पास पहुंचीं, तभी पीछे से तेज रफ्तार से आ रही मोटरसाइकिल ने उन्हें टक्कर मार दी।

टक्कर लगने से बुजुर्ग महिला सड़क पर गिर गईं और उनके सिर में गंभीर चोटें आईं। हादसे के बाद मोटरसाइकिल चालक भी गिर गया। उसने घायल महिला को तुरंत जीरकपुर के एक निजी अस्पताल पहुंचाने में मदद की।

महिला की हालत गंभीर होने के कारण डॉक्टरों ने उन्हें पंचकूला के एक अस्पताल में रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

पुलिस के अनुसार घायल महिला को अस्पताल पहुंचाने के बाद मोटरसाइकिल चालक वहां से चला गया। शिकायतकर्ता ने बताया कि हादसे के समय वह काफी घबराई हुई थीं, इसलिए मोटरसाइकिल का नंबर नोट नहीं कर सकीं, लेकिन सामने आने पर वह चालक को पहचान सकती हैं।

शिकायत के आधार पर जीरकपुर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 की धारा 281 (लापरवाही से वाहन चलाना) और 106(1) (लापरवाही से मृत्यु का कारण बनना) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

लुधियाना

यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

03 शनिवार, 07 मार्च 2026



पेज 12 खामेनेई को मारने के लिए ब्लू स्पैरो मिसाइल...

# गुरुद्वारा शहीद बाबा दीप सिंह की कमेटी पर गंभीर आरोप, लोगों ने किया प्रदर्शन

लुधियाना/यूटर्न/6 मार्च। मॉडल टाउन एक्सटेंशन में स्थित गुरुद्वारा शहीद बाबा दीप सिंह जी की प्रबंधकी कमेटी, गुरुद्वारा सिंह सभा सराभा नगर, कृष्णा मंदिर पर इलाका निवासियों द्वारा गंभीर आरोप लगाए गए हैं। लोगों का आरोप है कि कमेटी के सदस्यों द्वारा धर्म की आड़ में सड़कों पर अवैध कब्जे किए जा रहे हैं। जिस कारण इलाका निवासी बेहद परेशान हैं। इस संबंधी कई बार कमेटी मेंबर्स को शिकायत की गई।

लेकिन वह सिर्फ खानापूर्ति करने में लगे हैं। कमेटी मेंबर्स द्वारा धर्म की आड़ में जनता को परेशान किया जा रहा है। लोगों का आरोप है कि सारा विवाद गोलक का है। इन समस्याओं से परेशान होकर इलाका निवासियों द्वारा शुक्रवार को गुरुद्वारा साहिब के बाहर रोष प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान लोगों ने आरोप लगाए कि मार्च का महीना आ चुका है। बच्चों के पेपर शुरू हो गए हैं। कमेटी मेंबर्स को कई बार लाउडस्पीकर की आवाज कम करने को कहा है, लेकिन वह धर्म की आड में जमकर नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। 100 फीट की सड़क को कब्जे करके 30 फीट छोड़ दिया है।



**25 करोड़ की जमीन खरीद ली, लेकिन शौचालय नहीं बनवाए...**वहीं लोगों का आरोप है कि कमेटी मेंबर्स द्वारा 25 करोड़ की जमीन खरीदकर वहां अपने ऑफिस बना डाले। लेकिन संगत के लिए शौचालय नहीं बनाया जा सका। यहां तक कि कमेटी मेंबर्स द्वारा सरेआम आस्था से खिलवाड़ किया जा रहा है। अंदर गुरु साहिब का प्रकाश हो रहा है। उसके साथ ही देग दे रहे हैं और उसके साथ ही जोड़ा घर बना रखा है। आखिर पवित्रता भी मेंबर्स भुल चुके हैं। लोगों ने कहा कि उन्होंने कई बार मेंबर्स को कहा कि अच्छी जगह देखकर वहां पर महाराज साहिब का प्रकाश किया जाए, लेकिन वह सिर्फ अपनी मस्ती में झूम रहे हैं। वहीं कमेटी मेंबर्स द्वारा सभी आरोपों को गलत बताया। उन्होंने कहा कि गुरुद्वारा कमेटी द्वारा किसी भी तरीके का कोई कब्जा नहीं किया गया है।



# गांव सिद्धवा बेट मै चोरी और लूट की घटनाओं से दहशत

## चोरों की चुस्ती पुरुष की सस्ती से लोग परेशान

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/6/मार्च। सिद्धवां बेट में चोरों और लुटेरों के हौसले इतने बुलंद हैं कि वे रात के अंधेरे से लेकर दिन के उजाले तक, बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। पुलिस की कथित लचर गश्त और ढीली कार्यप्रणाली के कारण आम जनता में दहशत का माहौल है। हाल ही में इलाके में दो अलग-अलग आपराधिक घटनाएं सामने आई हैं, जिनमें एक बंद घर को निशाना बनाया गया और दूसरी घटना में एक महिला से हथियारों के बल पर लाखों के आभूषण लूट लिए गए।

**पहली घटना: धार्मिक समागम में गया था परिवार, पीछे से घर साफ...**जानकारी के अनुसार, गांव अब्बूपुरा निवासी बलवंत सिंह का परिवार रात के समय एक धार्मिक समागम में माथा टेकने गया हुआ था। जब वे वापस लौटे तो देखा कि घर का सामान बिखरा पड़ा था और अलमारियों के ताले टूटे हुए थे। बलवंत सिंह ने बताया कि चोरों ने रात करीब 11 बजे से 2 बजे के बीच वारदात को





अंजाम दिया। घर से 1 एलईडी, 2 सोने की अंगूठियां, दो जोड़ी चांदी की पाजेब और लगभग 20-22 हजार रुपये की नकदी गायब थी। इस चोरी की सूचना पुलिस को दे दी गई है।

**दूसरी घटना: बेटे के साथ जा रही महिला से गनप्वाइंट पर लूट**

दिनदहाड़े लूट की एक अन्य घटना में, गांव शफीपुरा के श्मशान घाट के पास बाइक सवार तीन लुटेरों ने एक महिला को अपना शिकार बनाया। गांव अब्बूपुरा (डेरा गुरदासपुरियां) की निवासी दलवीर कौर पत्नी जगतप्रीत सिंह ने बताया कि शाम करीब 4 बजे वह अपने बेटे जसनूर सिंह के साथ बाइक पर घर लौट रही थी। तभी गांव शफीपुरा के नजदीक पीछे से आ रहे 3 बाइक सवार युवकों ने उन्हें रोक लिया।

आरोपियों ने हथियारों का खौफ दिखाकर महिला के पहने हुए 4 सोने के झुमके (बालियां) और 5 तोले की सोने की चेन उतरवा ली और शफीपुरा की तरफ ही फरार हो गए।

**पुलिस प्रशासन के खिलाफ लोगों का फूटा गुस्सा...**लगातार हो रही इन घटनाओं से स्थानीय लोगों में पुलिस के खिलाफ भारी रोष है। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने आरोप लगाया कि बेट इलाके में पुलिस गश्त न के बराबर है। अपराधी बिना नंबर प्लेट की बाइक पर सरेआम घूम रहे हैं और वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि इलाके में तुरंत नाकेबंदी बढ़ाई जाए और इन आवारा घूम रहे अपराधियों पर नकेल कसी जाए।

**एसएचओ का बयान:** इन मामलों के संबंध में थाना सिद्धवां बेट के प्रभारी (एसएचओ) हमराज सिंह चीमा से बात की गई तो उन्होंने कहा कि ये दोनों मामले उनके संज्ञान में हैं। वारदातों को सुलझाने के लिए पुलिस सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है और संदिग्धों की तलाश जारी है।

# 6 घंटे में सुलझा दोहरे कत्ल का मामला, 3 आरोपी गिरफ्तार



नवीन गोगना

लुधियाना, यूटर्न, 5 मार्च। सहनेवाल पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए दोहरे कत्ल के मामले को मात्र 6 घंटे के भीतर सुलझाते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस जानकारी के अनुसार, 5 मार्च को थाना डिवीजन नंबर-6 सहनेवाल में शिकायतकर्ता संतोष सिंह और बलविंदर कौर के बयानों के आधार पर मामला दर्ज किया गया। शिकायत में बताया गया कि आरोपियों ने अपने साथियों के साथ मिलकर एक कार में सवार होकर वारदात को अंजाम दिया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस कमिश्नर स्वपन शर्मा (IPS) के निर्देशों पर डीसीपी इन्वेस्टिगेशन जसकरनजीत सिंह तेजा, एडीसीपी जोन-2 करनवीर सिंह और एसीपी सहनेवाल हरजिंदर सिंह गिल की निगरानी में पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ जारी है और मामले में शामिल अन्य व्यक्तियों की तलाश की जा रही है।

**गिरफ्तार आरोपी:** लखविंदर सिंह उर्फ विशाल निवासी बलवीर महल, सहनेवाल हरिंदर सिंह उर्फ गोल्डी निवासी चक्क सरायें वाला, लुधियाना जसप्रीत सिंह उर्फ जोश निवासी सहनेवाल, लुधियाना

**बरामदगी:** महिंद्रा वश गाड़ी नंबर PB-10-KC-9137

पुलिस के अनुसार मामले में आगे की जांच जारी है।

# युद्ध नशिया विरुद्ध अभियान के तहत पुलिस ने 60 पेटियां अवैध शराब बरामद कीं



नवीन गोगना

लुधियाना, यूटर्न, 6 मार्च। पंजाब सरकार और पंजाब पुलिस द्वारा चलाए जा रहे 'युद्ध नशिया विरुद्ध' अभियान के तहत कमिश्नरेट पुलिस लुधियाना के थाना जमालपुर की पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 60 पेटियां अवैध शराब बरामद की हैं। जानकारी के अनुसार पुलिस पार्टी गश्त के दौरान इलाके में मौजूद थी। इसी दौरान शक के आधार पर टाटा ऐस को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान वाहन से 26 पेटियां राजस्थानी व्हिस्की और 34 पेटियां सुपर हिम्मत सौंफ सहित कुल 60 पेटियां शराब बरामद की गईं। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों तजिंदरपाल सिंह पुत्र मिहराज सिंह निवासी गांव सलाबत जिला मोगा और शैलेन्द्र सिंह पुत्र गुरमेल सिंह निवासी बाबा जीवन सिंह गुरुद्वारा साहिब के पास गांव फिरोजपुर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार आरोपी तजिंदरपाल सिंह के खिलाफ पहले भी मुकदमा नंबर 125 दिनांक 28 अगस्त 2020 के तहत धारा 307, 452, 324, 448 आईपीसी और 25/27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज है, जबकि दूसरे आरोपी शैलेन्द्र सिंह के खिलाफ कोई पुराना मामला दर्ज नहीं है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

Uturn Time 07 Mar 2026_Layout 2 06-03-2026 23:30 Page 4




# सीएम नायब सिंह सैनी से मिले गुरदर्शन सिंह सैनी, डेराबस्सी में भाजपा की मजबूती पर हुई बातचीत



जीरकपुर, यूटर्न, 06 मार्च। हल्का डेराबस्सी के वरिष्ठ भाजपा नेता गुरदर्शन सिंह सैनी और उनके पुत्र हरदीप सिंह सैनी ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के विशेष निमंत्रण पर उनके निवास स्थान पर मुलाकात की। इस अवसर पर आयोजित एक विशेष संवाद कार्यक्रम के दौरान विभिन्न राजनीतिक और विकास संबंधी मुद्दों पर खुलकर चर्चा की गई। इस मौके पर गुरदर्शन सिंह सैनी ने बताया कि मुख्यमंत्री के साथ हुई इस औपचारिक बातचीत के दौरान जहां पूरे पंजाब के हालातों पर चर्चा हुई, वहीं हल्का डेराबस्सी के विकास कार्यों को लेकर भी महत्वपूर्ण मुद्दे साझा किए गए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पंजाब के सीमावर्ती क्षेत्रों और विशेष रूप से हल्का डेराबस्सी के विकास को लेकर काफी गंभीर नजर आए। मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने उपस्थित लोगों को गुरदर्शन सिंह सैनी के पारिवारिक पृष्ठभूमि और उनकी सामाजिक सेवाओं के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने हल्का डेराबस्सी में भाजपा को मजबूत करने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने गुरदर्शन सिंह सैनी को हर तरह से पूरा सहयोग देने का भरोसा देते हुए कहा कि डेराबस्सी क्षेत्र से उनका विशेष लगाव है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से स्वर्गीय गुरनाम सिंह सैनी का परिवार इस क्षेत्र की सेवा करता आ रहा है और अब गुरदर्शन सिंह सैनी अपनी टीम के साथ इस सेवा को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब की मौजूदा सरकार ने पिछले चार वर्षों से राज्य के विकास पर रोक लगा दी है। आज पंजाब में कानून व्यवस्था और आर्थिक स्थिति काफी बिगड़ चुकी है। हमारे बच्चे परिवारों को छोड़कर विदेश जा रहे हैं और उनका भविष्य खतरे में पड़ गया है। इस स्थिति को सुधारने के लिए वर्ष 2027 में भाजपा को पंजाब की जिम्मेदारी सौंपने की जरूरत है। इस कार्यक्रम में हरियाणा के राज्यपाल सहित पंजाब भाजपा के कई वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहे।

# ईरान-इजरायल तनाव के बीच सोनू सूद का मानवीय कदम, दुबई में फंसे लोगों के लिए रहने-खाने की व्यवस्था



चंडीगढ़, यूटर्न, 06 मार्च। अभिनेता Sonu Sood एक बार फिर संकट की घड़ी में लोगों की मदद के लिए आगे आए हैं। ईरान और इजरायल के बीच बढ़ते तनाव के कारण खाड़ी क्षेत्र में पैदा हुई अनिश्चित स्थिति के बीच उन्होंने दुबई में फंसे लोगों के लिए सहायता की घोषणा की है। सोनू सूद ने सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी देते हुए कहा कि मौजूदा हालात में जो लोग दुबई में फंस गए हैं और उन्हें रहने या खाने की समस्या हो रही है, वे उनकी टीम से संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि उनकी टीम जरूरतमंद लोगों के लिए सुरक्षित ठहरने और भोजन की व्यवस्था कर रही है ताकि किसी को भी मुश्किल हालात में परेशानी का सामना न करना पड़े। अभिनेता ने स्पष्ट किया कि यह सहायता केवल भारतीयों तक सीमित नहीं होगी, बल्कि किसी भी देश के जरूरतमंद व्यक्ति को दी जाएगी। उनका कहना है कि संकट के समय इंसानियत सबसे बड़ी पहचान होती है और उनकी कोशिश अधिक से अधिक लोगों तक राहत पहुंचाने की है। जानकारी के अनुसार उनकी टीम ने दुबई में स्थानीय सहयोगियों के साथ मिलकर कुछ विला और अपार्टमेंट्स की व्यवस्था की है, जहां अस्थायी रूप से लोगों को ठहराया जाएगा। जब तक लोग सुरक्षित अपने देश नहीं लौट जाते, तब तक उनके रहने और खाने की जिम्मेदारी भी टीम उठाएगी।

# भीषण सड़क हादसे में मां-बेटे की दर्दनाक मौत

## तेज रफ्तार बोलेरो ने स्कूटी को रौंदा; चालक गिरफ्तार

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/6/मार्च। जोधां इलाके में एक दर्दनाक सड़क हादसे में मां और बेटे की जान चली गई। तेज रफ्तार बोलेरो पिकअप ने ओवरटेक के दौरान स्कूटी को टक्कर मार दी, जिससे दोनों की मौके पर ही हालत गंभीर हो गई और अस्पताल में दम तोड़ दिया।

पंजाब के लुधियाना जिले के अंतर्गत आते थाना जोधां के गांव लताला-छपार रोड पर एक रूह कंपा देने वाला सड़क हादसा सामने आया है। इस हादसे में एक अनियंत्रित महिंद्रा बोलेरो पिकअप की चपेट में आने से स्कूटी सवार मां और बेटे की मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया है।

जांच अधिकारी एएसआई जसपाल सिंह ने बताया कि मृतक के भाई सरदूल सिंह निवासी सुधार के बयानों पर कार्रवाई की जा रही है। शिकायतकर्ता के अनुसार, उसका भाई मनदीप सिंह और माता हरपाल कौर अपनी स्कूटी पर सवार होकर छपार गांव में अपनी रिश्तेदारी में जा रहे थे। सरदूल सिंह भी अपने बाइक पर उनके पीछे ही आ रहा था।

जैसे ही वे लताला गांव के पास छपार रोड पर पहुंचे, उनके आगे चल रही महिंद्रा बोलेरो पिकअप को मनदीप ने ओवरटेक करने की कोशिश की। इसी दौरान बोलेरो चालक ने अचानक गाड़ी की रफ्तार बढ़ा दी, जिससे गाड़ी का संतुलन बिगड़ गया और उसने स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयानक थी कि बोलेरो का टायर मनदीप सिंह के ऊपर से निकल गया, जिससे उसके सिर और पेट में गंभीर चोटें आईं। वहीं, माता हरपाल कौर भी सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गईं।

हादसे के बाद आरोपी चालक गाड़ी लेकर मौके से फरार होने की कोशिश कर रहा था, लेकिन आगे जाकर मुस्तैद राहगीरों ने उसे पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। परिजनों ने 108 एम्बुलेंस की मदद से घायलों को तुरंत शहीद करतार सिंह सराभा अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद मनदीप सिंह को मृत घोषित कर दिया। उपचार के दौरान माता हरपाल कौर ने भी दम तोड़ दिया।

# मध्यमार्ग पर 9 मार्च से 15 अप्रैल तक ट्रैफिक रहेगा प्रभावित, कई हिस्सों में होगी रिकार्पेटिंग

चंडीगढ़, यूटर्न, 06 मार्च। शहर की प्रमुख सड़कों में शामिल मध्यमार्ग पर जल्द ही रिकार्पेटिंग और मरम्मत का काम शुरू होने जा रहा है। इस कारण 9 मार्च से 15 अप्रैल तक अलग-अलग



हिस्सों में ट्रैफिक प्रभावित रहेगा और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। इंजीनियरिंग विभाग के रोड विंग के अनुसार यह काम हाउसिंग बोर्ड चौक से लेकर पीजीआई क्षेत्र तक किया जाएगा। इस दौरान सड़क के विभिन्न हिस्सों में रिकार्पेटिंग और मरम्मत का कार्य चरणबद्ध तरीके से होगा, जिसके चलते आवश्यकता पड़ने पर कुछ हिस्सों को अस्थायी रूप से बंद भी किया जा सकता है।

विभाग ने बताया कि जंक्शन-17 से जंक्शन-43 तक (दोनों तरफ) सड़क की मरम्मत और रिकार्पेटिंग की जाएगी। हालांकि जंक्शन-18 से जंक्शन-19, यानी पीजीआई चौक से सेक्टर-26 ट्रांसपोर्ट लाइट प्वाइंट तक का हिस्सा इस परियोजना में शामिल नहीं किया गया है। काम के दौरान चंडीगढ़ के अलावा पंजाब, हरियाणा और अन्य राज्यों से आने-जाने वाले वाहनों को भी यातायात संबंधी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। प्रशासन ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे निर्धारित अवधि के दौरान वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें और ट्रैफिक नियमों का पालन करें, ताकि मरम्मत कार्य तय समय में सुरक्षित और सुचारु रूप से पूरा किया जा सके।

# शेयर वाइस रजिस्ट्री खोलने का स्वागत, स्टेटस को लेकर स्पष्टता की मांग



चंडीगढ़, यूटर्न, 06 मार्च। प्रॉपर्टी कंसल्टेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष विक्रम चोपड़ा चीफ पैट्रन कमल गुप्ता व चेयरमैन त्रिलोचन बिट्टू, जनरल सेक्रेटरी जतिंदर सिंह और रमन बजाज, अनिल ने सांसद सतनाम सिंह संधू से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने चंडीगढ़ में प्रशासन द्वारा शेयर वाइस रजिस्ट्री को दोबारा खोलने के फैसले का स्वागत किया। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि यह कदम प्रॉपर्टी कारोबार और आम लोगों के लिए राहत देने वाला है, क्योंकि लंबे समय से रजिस्ट्री बंद रहने से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। हालांकि प्रतिनिधिमंडल ने यह भी मुद्दा उठाया कि संसद में भारत सरकार की ओर से स्पष्ट रूप से कहा गया है कि चंडीगढ़ के स्टेटस में किसी प्रकार का बदलाव नहीं किया गया है और चंडीगढ़ में हेरिटेज जैसा कोई भी सेक्टर नहीं है; केवल कैपिटोल कॉम्प्लेक्स के अलावा अन्य स्थानों का कोई हेरिटेज स्टेटस नहीं; ऐसे में एसोसिएशन ने प्रशासन से मांग की कि इस विषय पर पूरी तरह स्पष्टता दी जाए, ताकि लोगों में किसी प्रकार की भ्रम की स्थिति न रहे। सांसद सतनाम सिंह संधू ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि वे इस मामले को संबंधित स्तर पर उठाकर उचित समाधान का प्रयास करेंगे।

Uturn Time 07 Mar 2026_Layout 2 06-03-2026 23:30 Page 5





पेज 08 श्री गीता मंदिर विकास नगर में होली उत्सव श्रद्धा से...

# होली के दौरान नाकाबंदी में दो युवक अवैध हथियारों सहित गिरफ्तार



चंडीगढ़, यूटर्न, 06 मार्च। होली के मद्देनजर शहर में चलाए जा रहे विशेष चेकिंग अभियान के दौरान इंडस्ट्रियल एरिया थाना पुलिस ने दो युवकों को अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों के कब्जे से कमानीदार चाकू बरामद किए हैं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार यह कार्रवाई एसएसपी यूटी कंवरदीप कौर के निर्देश, एसपी सिटी के.एम. प्रियंका के मार्गदर्शन और एसडीपीओ ईस्ट चरनजीत सिंह विर्क की निगरानी में की गई। टीम का नेतृत्व थाना इंडस्ट्रियल एरिया के एसएचओ इंस्पेक्टर सतनाम सिंह कर रहे थे।

पहली गिरफ्तारी 4 मार्च को सेक्टर-29/31 डिवाइडिंग रोड के पास विशेष चेकिंग के दौरान हुई। पी/एएसआई कुलश्रेष्ठ गौतम अपनी टीम के साथ गश्त कर रहे थे, तभी संदिग्ध गतिविधि के आधार पर एक युवक को रोका गया। उसकी पहचान सेक्टर-29बी निवासी मोहित के रूप में हुई। तलाशी लेने पर उसके पास से एक कमानीदार चाकू बरामद हुआ। आरोपी के पास हथियार रखने का कोई लाइसेंस या परमिट नहीं था।

दूसरी कार्रवाई उसी दिन रात करीब 10:10 बजे दरिया गांव के बुराड़ा ग्राउंड के पास नाकाबंदी के दौरान हुई। पुलिस ने चेकिंग के दौरान मोटरसाइकिल (CH01DC-1883) को रोका। चालक शिवम, निवासी रामदरबार की तलाशी लेने पर उसके पास से भी कमानीदार चाकू बरामद हुआ। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 25, 54 और 59 के तहत मामले दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

# चंडीगढ़ में असामाजिक तत्वों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई, दो युवक चाकू समेत गिरफ्तार




चंडीगढ़, यूटर्न, 06 मार्च। शहर में असामाजिक तत्वों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सेक्टर-31 थाना पुलिस ने रामदरबार क्षेत्र से दो युवकों को अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों के कब्जे से कमानीदार चाकू बरामद किए हैं। आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार यह कार्रवाई एसएसपी कंवरदीप कौर के निर्देश, एसपी सिटी के.एम. प्रियंका के मार्गदर्शन और एसडीपीओ साउथ गुरजीत कौर की निगरानी में की गई। सेक्टर-31 थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राजीव कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह अभियान चलाया।

पुलिस के मुताबिक पहली गिरफ्तारी 5 मार्च को शाम करीब 7:50 बजे हल्लोमाजरा क्षेत्र में गश्त के दौरान हुई। एएसआई अनिल अपनी टीम के साथ सीआरपीएफ दीवार के पास पहुंचे तो एक युवक पुलिस को देखकर तेजी से जाने लगा। शक के आधार पर पीछा कर उसे पकड़ लिया गया। तलाशी में उसके पास से कमानीदार चाकू बरामद हुआ। आरोपी की पहचान रामदरबार की इंद्रावास कॉलोनी निवासी 28 वर्षीय आशीष के रूप में हुई। दूसरी कार्रवाई उसी रात करीब 8:30 बजे रामदरबार स्थित मस्जिद मंडी ग्राउंड के पीछे जंगल क्षेत्र में की गई। एएसआई सागर की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर 23 वर्षीय प्रशांत को पकड़ लिया, जिसके पास से भी कमानीदार चाकू बरामद हुआ। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

## ट्राईसिटी में फिर सक्रिय गैंगस्टर नेटवर्क, बिल्डर को 20 करोड़ की धमकी; विदेशी नंबरों से आई कॉल

अजीत झा.

चंडीगढ़, यूटर्न, 06 मार्च। ट्राईसिटी में गैंगस्टरों की सक्रियता एक बार फिर बढ़ती दिखाई दे रही है। शहर के एक बड़े कारोबारी को विदेशी नंबरों से कॉल कर 20 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। शिकायत मिलने के बाद सेक्टर-36 थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में सेक्टर-36डी निवासी कारोबारी लोहित बंसल ने बताया कि 1 जनवरी से 14 फरवरी के बीच उन्हें कई बार व्हाट्सएप कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को लॉरेंस बिश्नोई



गैंग से जुड़ा हैरी बॉक्सर बताया और 20 करोड़ रुपये देने की मांग की। आरोपी ने पैसे न देने पर गंभीर अंजाम भुगतने की धमकी भी दी। लगातार मिल रही धमकियों से परेशान होकर कारोबारी ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर हैरी बॉक्सर के खिलाफ मामला दर्ज कर कॉल डिटेल और विदेशी नंबरों की जांच शुरू कर दी है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी ट्राईसिटी में गैंगस्टरों द्वारा रंगदारी मांगने के मामले सामने आ चुके हैं। कुछ दिन पहले बंबीहा गैंग से जुड़े विदेश में बैठे बदमाश डोनी बल ने सेक्टर-21 में बिल्डर अंकित सिदाना के घर पर फायरिंग करवाई थी और बाद में उससे 5 करोड़ रुपये की मांग की गई थी। फिलहाल पुलिस का कहना है कि दोनों मामलों को गंभीरता से लेते हुए तकनीकी जांच की जा रही है और विदेशी नेटवर्क से जुड़े कनेक्शन खंगाले जा रहे हैं।

## चंडीगढ़ सेक्टर 43 सेंट जोसेफ स्कूल के सामने गड्ढा बन सकता है हादसे का शिकार.

पुनीत महाजन

चंडीगढ़, यूटर्न, 06 मार्च। चंडीगढ़ के सेक्टर-44 स्थित सेंट जोसेफ स्कूल के सामने मुख्य सड़क पर पिछले लगभग चार महीनों से गहरा गड्ढा बना हुआ है, जिससे आने-जाने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यह सड़क रोजाना स्कूल के बच्चों, अभिभावकों और स्थानीय निवासियों द्वारा इस्तेमाल की जाती है, लेकिन लंबे समय से गड्ढा होने के कारण दुर्घटना का खतरा लगातार बना हुआ है।



स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार संबंधित विभाग को इसकी जानकारी दी जा चुकी है, फिर भी अब तक समस्या का समाधान नहीं किया गया है। उल्लेखनीय है कि यह इलाका वार्ड की सीनियर डिप्टी मेयर जसमनप्रीत के क्षेत्र में आता है। समाजसेवी अरविंद सिंह ने प्रशासन और नगर निगम से मांग की है कि जनता की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस गड्ढे को जल्द से जल्द भरवाकर सड़क की मरम्मत कराई जाए, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके।

## वकीलों से किए वादे पूरे करे आम आदमी सरकार/ एडवोकेट रनजीत कुमार

दलजीत अज्नोहा

होशियारपुर, यूटर्न, 06 मार्च। बजट में मान भत्ते, इंश्योरेंस और चैंबर बनाने के लिए फंड रखा जाए। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन होशियारपुर के पूर्व प्रेसिडेंट एडवोकेट रनजीत कुमार ने प्रेस स्टेटमेंट जारी करते हुए मांग की कि सरदार भगवंत सिंह मान की सरपरस्ती में चल रही आम आदमी पार्टी सरकार अपने वकीलों से किए वादे पूरे करे। उन्होंने याद दिलाया कि दिसंबर 2021 में चुनाव प्रचार के दौरान आम आदमी पार्टी के नेशनल कन्वीनर श्री अरविंद केजरीवाल ने अमृतसर में वकीलों की एक सभा को संबोधित करते हुए वादा किया था कि अगर आम आदमी पार्टी की सरकार बनती है तो वह युवा नए वकीलों को मान भत्ता, हेल्थ और लाइफ इंश्योरेंस और चैंबर देने के लिए योजना बना लागू करेगी। इस वादे को आम आदमी पार्टी ने 25 दिसंबर, 2021 को सोशल मीडिया, प्रिंट मीडिया और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में बड़े जोर-शोर से पब्लिश किया था। लेकिन यह बहुत दुख की बात है कि सरकार बने 4 साल हो गए हैं, लेकिन सरकार ने वकीलों से किए अपने वादे पूरे नहीं किए हैं। युवा वकील, खासकर महिला वकील, बिना किसी आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा के बहुत मुश्किलों का सामना करते हैं। उन्होंने मांग की कि पंजाब सरकार, कम से कम अपने आखरी बजट में युवा वकीलों के लिए स्टाइपेंड, हेल्थ और लाइफ इंश्योरेंस और चैंबर बनाने के लिए फंड जारी करे। उन्होंने वकीलों के साथ काम करने वाले क्लर्कों के लिए भी सही सामाजिक सुरक्षा व्यवस्था की मांग की, जो कोर्ट के रोजाना के काम में अहम भूमिका निभाते हैं।






# श्री गीता मंदिर विकास नगर में होली उत्सव श्रद्धा से मनाया गया



लुधियाना/यूटर्न/6 मार्च। श्री गीता मंदिर विकास नगर में होली उत्सव बड़ी श्रद्धा से मनाया गया। इसमें दुर्गा स्तुति संघ और महिला मंडली श्री गीता मंदिर विकास नगर का विशेष योगदान रहा। उत्सव में राधा रानी जी का संगीतमय गुणगान किया गया। इस उत्सव में धार्मिक सिंगर बलवीर मानक ने सुन्दर भजन गाये। इस दौरान मन्दिर सभा के रबीन्द्र गुप्ता, पवन कांत वोहरा, प्रदीप ढल, तेजेन्द्र कपूर, चंदर वोहरा, रमन पाबी, सतीश प्रभाकर, कुलदीप कुमार, दीपक गुप्ता, रणधीर शर्मा विशेष तौर पर मौजूद रहे। वहीं समारोह में प्रमिला पुरी, नीना जुलका, संयोगिता छाबरा, अनु हांडा, रमा ढल, आदर्श अरोरा, उषा धुरीया, ऋतु गोगना, डिम्पल पाबी, उमा शांता वोहरा आदि उपस्थित थी।

# युद्ध प्रभावित क्षेत्र से सुरक्षित लौटीं प्रिंसिपल नीरू गर्ग, प्रशासन ने की हिम्मत की सराहना

बठिंडा, यूटर्न, 6 मार्च। मिडिल ईस्ट के युद्ध प्रभावित क्षेत्र में फंसने के बावजूद एसएसडी गर्ल्स कॉलेज बठिंडा की प्रिंसिपल नीरू गर्ग ने हिम्मत और धैर्य के साथ हालात का सामना किया। उनकी सूझबूझ और सरकार की समय पर मिली मदद के कारण नीरू गर्ग और उनका परिवार सुरक्षित रूप से अपने घर वापस लौट आए। इस घटना ने उनके साहस और सकारात्मक सोच की मिसाल पेश की है। इस संबंध में जानकारी देते हुए डिप्टी कमिश्नर बठिंडा श्री राजेश धीमान ने बताया कि जिला प्रशासन और पंजाब सरकार युद्ध प्रभावित क्षेत्रों में फंसे लोगों की हर संभव मदद कर रही है। उन्होंने कहा कि नीरू गर्ग की सुरक्षित वापसी प्रशासन और सरकार के संयुक्त प्रयासों का परिणाम है।

डिप्टी कमिश्नर के निर्देश पर असिस्टेंट कमिश्नर श्री रमनजीत नीरू गर्ग के घर पहुंचे और उनसे मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। इस दौरान उन्होंने नीरू गर्ग और उनके परिवार से बातचीत की और उन्हें हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति या उसका परिवार मिडिल ईस्ट के युद्ध प्रभावित इलाकों में फंसा है, तो वह पंजाब सरकार से संपर्क कर सकता है। विदेशी नागरिक सहायता के लिए 0172-2260042 और 0172-2260043 नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं, जबकि भारतीय नागरिक 1100 हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

## रूह से रूबरू






चारू नागपाल

# क्षमा करना आना भी तो एक कला है।

विश्वास टूटने पर भी क्षमा और नई राह जीवन में विश्वास बहुत महत्वपूर्ण होता है। जब कोई अपना ही हमारे विश्वास को तोड़ देता है, तो हमें बहुत दुख और पीड़ा होती है। उस समय मन में गुस्सा, निराशा और बदले की भावना भी आ सकती है। लेकिन यदि हम जीवन में आगे बढ़ना चाहते हैं, तो हमें क्षमा करना और उस घटना से सीखलेकर नई राह खोजनी चाहिए। किसी को माफ करना कमजोरी नहीं बल्कि हमारी ताकत को दशार्ता है। जब हम किसी को माफ कर देते हैं, तो हमारे मन का बोझ हल्का हो जाता है और हम शांति महसूस करते हैं। अगर हम हमेशा उसी दुख को पकड़े रहेंगे, तो हम आगे बढ़ नहीं पाएंगे और हमारा मन भी परेशान रहेगा। हर अनुभव हमें कुछ न कुछ सिखाता है। जब कोई हमारा विश्वास तोड़ता है, तो हमें यह सीख मिलती है कि भविष्य में हमें अधिक समझदारी और सावधानी से लोगों पर भरोसा करना चाहिए। इसलिए उस घटना को याद करके दुखी होने की बजाय उससे सीख लेकर आगे बढ़ना बेहतर है। जीवन में कई नए अवसर और रास्ते हमाराइंतजार करते हैं। इसलिए हमें पुराने दुखों को भुलाकर सकारात्मक सोच के साथ नई राह चुननी चाहिए। यही हमें मजबूत और सफल बनाता है।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

Coparcenary Rights क्या होते हैं? जन्म से संपत्ति का अधिकार कैसे मिलता है?

हिंदू संयुक्त परिवार (HUF) की अवधारणा में एक महत्वपूर्ण शब्द है— Coparcener। Coparcener वह सदस्य होता है, जिसे पैतृक (Ancestral) संपत्ति में जन्म से अधिकार प्राप्त होता है। यह अधिकार किसी वसीयत या दान से नहीं, बल्कि कानून से मिलता है।

पारंपरिक रूप से Coparcenary में केवल पुरुष सदस्य शामिल माने जाते थे, लेकिन कानून में संशोधन के बाद पुत्री को भी पुत्र के समान Coparcenary अधिकार प्राप्त हैं। इसका अर्थ है कि बेटी भी जन्म से पैतृक संपत्ति में बराबर की हिस्सेदार है।

Coparcener के अधिकारों में शामिल है—

- पैतृक संपत्ति में हिस्सा माँगना
- Partition (बँटवारा) की मांग करना
- संपत्ति के प्रबंधन में अधिकार

यह ध्यान रखना जरूरी है कि Coparcenary अधिकार केवल Ancestral Property में लागू होते हैं, Self-Acquired Property में नहीं।

यदि परिवार में पैतृक संपत्ति का बँटवारा हो जाता है, तो Coparcenary समाप्त हो सकती है और प्रत्येक व्यक्ति का हिस्सा अलग हो जाता है।

निष्कर्ष: Coparcenary जन्मसिद्ध अधिकार की अवधारणा है। पैतृक संपत्ति में अधिकार केवल संबंध से नहीं, बल्कि कानून द्वारा संरक्षित संरचना से आता है।

# संगतें भारी संख्या में दमड़ी शोभा यात्रा में शामिल होंगी / संत सर्वण दास, संत सतविंदर हीरा

दलजीत अजनोहा

हुशियारपुर, यूटर्न, 06 मार्च। गुरू रविदास साधू संप्रदाय सोसाइटी (रजि.) पंजाब की अगुवाई हेतू सतिगुरू रविदास महाराज जी और समाज के महान रहबरों की क्रांतिकारी विचारधारा के प्रचार और प्रसार के लिए शुरू की गई महान ऐतिहासिक बेगमपुरा दमड़ी शोभा यात्रा के लिए देश विदेश की संगतों में भारी उत्साह और श्रद्धा है और संगतें भारी संख्या में शोभा यात्रा में शामिल होंगी। इन शब्दों का प्रगटावा करते हुए आदि धर्म साधू समाज के राष्ट्रीय प्रधन संत सर्वण दास सलेमटावरी सीनी.मीत प्रधान गुरू रविदास साधू संप्रदाय सोसाइटी



और संत सतविंदर हीरा राष्ट्रीय प्रधान आल इंडिया आदि धर्म मिशन भारत ने कहा कि पिछले दो दशकों से कौम के महान विद्वान संत महापुरुष संत सर्वण दास जी बोहण चेयरमैन गुरू रविदास साधू संप्रदाय सोसाइटी, संत निर्मल दास बाबेजोड़े प्रधान, संत इंदर दास सेखे जनरल सक्क्तर, संत परमजीत दास नगर कैशियर और विभिन्न डेरों के संतों महापुरषों की योग अगुवाई हेतू आरंभ हुई ऐतिहासिक बेगमपुरा दमड़ी शोभा यात्रा आज पूरे विश्व स्तर पर प्रसिद्धि प्राप्त कर चुकी है। उन्होंने कहा कि 3 अप्रेल को पंजाब और 4 ते 5 अप्रैल को हरिद्वार तक संगतों का भारी एकठ अलौकिक दृश्य पेश करता है।संत सर्वण दास, संत सतविंदर हीरा ने कहा कि शोभा यात्रा का मुख्य उद्देश्य सतिगुरू रविदास महाराज जी की क्रांतिकारी बानी का प्रचार प्रसार और आदि धर्म के महान रहबर बाबू मंगू राम मुगोवालिया, बाबा साहिब डॉ. भीम राव अंबेडकर, बाबू कांशी राम दी आर्थिक, समाजक और राजनैतिक परिवर्तन की लहर को जन जन तक पहुंचाने के अपना योगदान डाले।

# तलवंडी मेडिकल स्टोर पर लगाया भंडारा

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/6/मार्च। जगराओं के तहसील रोड पर स्थित तलवंडी मेडिकल हॉल ने होली और होला-मोहल्ला के पवित्र दिनों को ध्यान में रखते हुए भंडारे का आयोजन किया। इस बारे में जानकारी देते हुए तलवंडी मेडिकल हॉल (दिला राम वाले) के मालिक रंजीव गोयल रवीश गोयल ने कहा कि हम सभी पंजाबी सभी धर्मों का सम्मान करते हैं, जिसके लिए हम सभी धर्मों के त्योहारों को एक साथ बड़े उत्साह के साथ मनाते हैं। हमने



होली और होला-मोहल्ला के पवित्र दिनों को ध्यान में रखते हुए सालाना लंगर का आयोजन किया है। उन्होंने कहा कि इस भंडारे में हर व्यक्ति ने अपने हाथों से सेवा की है, जिसके लिए हम उनके बहुत आभारी हैं। इस मौके पर मिड्डा जगरांव, अजीत सिंह अखाड़ा के अलावा कई अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

Uturn Time 07 Mar 2026_Layout 2 06-03-2026 23:30 Page 7



# कांग्रेस ने पंजाब सरकार का घेराव किया, पुलिस ने कांग्रेस का घेराव किया

चंडीगढ़/यूटर्न/6 मार्च। पंजाब भर से हजारों कांग्रेस कार्यकर्ता शुक्रवार को चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने के लिए इकट्ठा हुए, और उस पर चुनावी वादे पूरे न करने और राज्य के फाइनेंस को गलत तरीके से मैनेज करने का आरोप लगाया। कांग्रेस की पंजाब यूनिट द्वारा आयोजित इस विरोध प्रदर्शन का मकसद पार्टी द्वारा सरकार के टूटे वादों और राज्य में बिगड़ते शासन को हाईलाइट करना था। कांग्रेस ने चल रहे विधानसभा सत्र के दौरान पंजाब विधानसभा का घेराव करने की योजना की घोषणा की थी। हालांकि, प्रदर्शनकारियों के लेजिस्लेटिव कॉम्प्लेक्स तक पहुंचने से पहले ही पुलिस ने दखल दिया, कई कार्यकताओं को हिरासत में ले लिया और विधानसभा जाने वाले मुख्य रास्तों पर भारी सुरक्षा तैनात कर दी। चंडीगढ़ के कई इलाकों में बैरिकेड्स लगाए गए थे क्योंकि एडमिनिस्ट्रेशन हाई-सिक्योरिटी जोन के पास बड़ी भीड़ को रोकने की कोशिश कर रहा था।

## विपक्ष का आरोप आप सरकार चुनावी वादे नहीं कर पाई पूरे



### वड़िंग का मान सरकार पर तीखा हमला

प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए, पंजाब कांग्रेस के प्रेसिडेंट अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने मान सरकार पर तीखा हमला किया, आरोप लगाया कि वह 2022 के असेंबली इलेक्शन में आप को सत्ता में लाने में मदद करने वाले वादों को पूरा करने में फेल रही है। वड़िंग ने कहा कि इस फेलियर का सबसे बड़ा उदाहरण पंजाब में महिलाओं को 1,000 महीने का स्टाइपेंड देने का सरकार का वादा है, एक स्कीम जो अभी तक लागू नहीं हुई है।

### महिलाओं से किए वादे नहीं किए पूरे - वड़िंग

वड़िंग ने कहा, आप सरकार ने इलेक्शन से पहले पंजाब की महिलाओं से बड़े-बड़े वादे किए थे, लेकिन इतने साल सत्ता में रहने के बाद भी वे वादे अधूरे हैं। अगर सरकार सच्ची है, तो उसे पिछले चार साल के एरियर के साथ स्टाइपेंड तुरंत जारी करना चाहिए। उन्होंने आगे दावा किया कि मौजूदा सरकार में पंजाब की फाइनेंशियल हालत और खराब हो गई है। वारिंग के मुताबिक, राज्य का कर्ज.4 लाख करोड़ को पार कर गया है और इस फाइनेंशियल ईयर के आखिर तक यह बढ़कर 4.17 लाख करोड़ हो सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि पंजाब के डेवलपमेंट पर फोकस करने के बजाय, आप लीडरशिप ने दिल्ली, गुजरात और गोवा जैसे दूसरे राज्यों में चुनाव कैंपेन के लिए रिसोर्स डायवर्ट कर दिए।

### लोगों ने डेवलपमेंट के लिए वोट दिया था

उन्होंने कहा, पंजाब के लोगों ने गवर्नेंस और डेवलपमेंट के लिए वोट दिया, न कि अपने रिसोर्स कहीं और पॉलिटिकल लड़ाइयों में इस्तेमाल करने के लिए। पंजाब का इंफ्रास्ट्रक्चर, खेती और पब्लिक सर्विसेज खराब हो रही हैं, जबकि सरकार राज्य के बाहर पार्टी के विस्तार को प्राथमिकता दे रही है। अपोजिशन के लीडर प्रताप सिंह बाजवा ने भी इन चिंताओं को दोहराया, और राज्य सरकार पर लॉ एंड ऑर्डर बनाए रखने में फेल रहने और आम लोगों की जरूरतों को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया। बाजवा ने कहा कि सरकार के पक्के एक्शन के भरोसे के बावजूद, क्राइम और ड्रग ट्रैफिकिंग की घटनाएं राज्य के कई हिस्सों को परेशान करती रहीं।

### चुनावी वादों पर किए सवाल

पूर्व डिप्टी चीफ मिनिस्टर सुखजिंदर सिंह रंधावा ने भी आप सरकार की आलोचना की और चुनाव कैंपेन के दौरान किए गए कई वादों पर सवाल उठाए। इनमें सरकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन स्कीम को फिर से शुरू करना, पेंडिंग महंगाई भत्ते (DA) का बकाया चुकाना और रेत खनन सुधारों से अच्छा-खासा रेवेन्यू कमाना शामिल था। रंधावा के मुताबिक, सरकार ने दावा किया था कि वह रेत खनन सेक्टर को रेगुलेट करने से हर साल 20,000 करोड़ कमाएगी, लेकिन उम्मीद के मुताबिक रेवेन्यू नहीं मिला। उन्होंने कहा, सरकार ने भ्रष्टाचार खत्म करने और रेवेन्यू कलेक्शन में सुधार के बड़े-बड़े दावे किए, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही कहानी बयां करती है।

### पंजाब में कांग्रेस कमजोर करने का प्रयास

कांग्रेस नेताओं ने यह भी आरोप लगाया कि आप और भारतीय जनता पार्टी (BJP) पंजाब में कांग्रेस को कमजोर करने के मकसद से एक चुपचाप राजनीतिक समझौता कर रही हैं। उन्होंने तर्क दिया कि प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लेना लोकतांत्रिक विरोध को दबाने की कोशिश थी।

### कई लीडर हिरासत में लिए

हिरासत में लिए जाने के बावजूद, कांग्रेस नेताओं ने जोर देकर कहा कि यह विरोध राज्य सरकार के प्रति बढ़ती जनता की नाराजगी को दिखाता है। उन्होंने कहा कि पार्टी विधानसभा के अंदर और बाहर गवर्नेंस, आर्थिक मैनेजमेंट और अधूरे वादों से जुड़े मुद्दे उठाती रहेगी। यह विरोध पंजाब में बढ़ते राजनीतिक मुकाबले को दिखाता है, क्योंकि विपक्षी पार्टियां जनता की शिकायतों का फायदा उठाना चाहती हैं और सत्ताधारी सरकार को उसके वादों के लिए ज़िम्मेदार ठहराना चाहती हैं। जबकि आप सरकार का कहना है कि वह राज्य के फाइनेंस को स्थिर करने और कल्याणकारी उपायों को चरणों में लागू करने के लिए काम कर रही है, विपक्ष अभी भी इस पर राजी नहीं है, और तर्क दे रहा है कि वादों और काम के बीच का अंतर बढ़ता जा रहा है।

# बजट सेशन पंजाब: कांग्रेस विधायक सेशन से वॉकआउट कर गए, गवर्नर ने राज्य के इंफ्रास्ट्रक्चर पर जोर देने पर बात की

चंडीगढ़/यूटर्न/6 मार्च। पंजाब का बजट सेशन आज गवर्नर गुलाब चंद कटारिया के उद्घाटन भाषण के साथ शुरू हुआ। सत्ताधारी आम आदमी पार्टी (आप) अपनी भलाई की पहलों को हाईलाइट करने के लिए तैयार है, जबकि विपक्ष बढ़ते सरकारी कर्ज.(4 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा) और कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर सरकार पर हमला करने के लिए तैयार है। जैसे ही गवर्नर हेल्थ सेक्टर में सरकार द्वारा शुरू किए गए खास प्रोग्राम के बारे में बोलने के लिए उठे, कांग्रेस विधायक पंजाब सरकार मुरादाबाद जैसे नारे लगाते हुए सदन के वेल में आ गए। गवर्नर मेडिकल कॉलेजों में बढ़ी सीटों के बारे में बोलते रहे। उन्होंने कहा कि राज्य में नशा मुक्ति प्रोग्राम को बढ़ाया गया है। सेशन शुरू होने के मुश्किल से 17 मिनट बाद ही कांग्रेस विधायक वॉकआउट कर गए। गवर्नर कटारिया ने अपना भाषण जारी रखते हुए कहा कि पंजाब में लगभग 90 परसेंट घरों को 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली का फायदा मिला है।



### वंदे मातरम बने हाउस का हिस्सा

पंजाब असेंबली के बजट सेशन के दौरान अपना भाषण जय हिंद के साथ खत्म करते हुए, कटारिया ने राष्ट्रगान के बाद कहा कि वंदे मातरम को भी हाउस की कार्यवाही का हिस्सा बनाया जाना चाहिए। गवर्नर कटारिया ने कहा कि दिन में बिजली सप्लाई देने से किसान तथाकथित ऑफिस टाइम में काम कर सकते हैं और अब उन्हें सुबह 2 बजे कड़ाके की ठंड में मेहनत करने के लिए मजबूर नहीं होना पड़ेगा। पंजाब ने देश का पहला पूरी तरह से डिजिटल बाढ़ राहत सिस्टम लॉन्च किया है, जिससे तेजी से सर्वे किया जा सकेगा और मुआवजे का सीधा ट्रांसफर किया जा सकेगा।

### 1२597 करोड़ से सड़कों के प्रोजेक्ट शुरू

गवर्नर कटारिया ने यह भी कहा कि पंजाब मंडी बोर्ड ने, नोडल एजेंसी के तौर पर, 12,597 करोड़ रुपये की लागत से खराब सड़कों के अपग्रेड/मॉडर्नाइजेशन का प्रोजेक्ट शुरू किया है। साथ ही, सरकार 3,443 कि.मी. नए वॉटर कोर्स बनाने की योजना बना रही है। उन्होंने कहा कि इसके तहत कम से कम 2,650 ` का काम पूरा हो चुका है। संगरूर, बठिंडा, संगरूर, जालंधर और कपूरथला जिलों में शुरू किए गए पायलट प्रोजेक्ट के तहत, किसानों को प्रति एकड़ 17,500 रुपये की फाइनेंशियल मदद दी जा रही है। गवर्नर का कहना है कि सरकार ने गन्ने के लिए स्टेट एग्रीड प्राइस (रअढ) में 15 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की है, जिससे यह 416 रुपये प्रति क्विंटल हो गया है, जो देश में सबसे ज्यादा है।

### आप सरकार का आखिरी बजट

11 दिन के सेशन में आप सरकार अगले असेंबली इलेक्शन से पहले अपना पांचवां और आखिरी बजट पेश करेगी। फाइनेंस मिनिस्टर हरपाल चीमा के रविवार को इंटरनेशनल विमेंस डे पर बजट प्रपोजल पेश करने की उम्मीद है। विधानसभा के इतिहास में यह पहली बार होगा जब बजट रविवार को पेश किया जाएगा। सरकार महिलाओं के लिए 1,000 रुपये महीने के मानदेय की घोषणा कर सकती है, जो असेंबली इलेक्शन के दौरान पार्टी द्वारा किया गया एक अहम वादा था। इस कदम का मकसद महिला वोटर्स के बीच सपोर्ट मजबूत करना है, जो राज्य में लगभग 48 परसेंट वोटर्स हैं। सूत्रों ने कहा कि बजट में नए टैक्स लाने की संभावना नहीं है।

# चंडीगढ़ में एसएसपी कंवरदीप कौर को मिल सकता है सेवा विस्तार, कई चर्चित मामलों को सुलझाने से बढ़ी दावेदारी

अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 06 मार्च। चंडीगढ़ की एसएसपी कंवरदीप कौर को सेवा विस्तार मिलने की संभावना जताई जा रही है। सूत्रों के अनुसार केंद्र सरकार जल्द ही उन्हें एक वर्ष का एक्सटेंशन देने को लेकर औपचारिक आदेश जारी कर सकती है। अगर ऐसा होता है तो कंवरदीप कौर चंडीगढ़ में इस पद पर सेवा विस्तार पाने वाली पहली अधिकारी बन जाएंगी। बताया जा रहा है कि उनके कार्यकाल के दौरान कई लंबे समय से लंबित और चर्चित मामलों को सुलझाया गया है। इनमें करीब 15 साल पुराना नेहा



हत्याकांड और पंजाब यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर सीमा गोयल की हत्या का मामला भी शामिल है। इन मामलों को सुलझाने के बाद उनकी कार्यशैली को लेकर प्रशासन और सरकार दोनों स्तरों पर संतोष जताया गया है।

इसके अलावा नए आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) को लागू कराने और पुलिस व्यवस्था को नए ढांचे में ढालने में भी उनकी भूमिका अहम मानी जा रही है। कंवरदीप कौर का तीन साल का अंतरराज्यीय डेपुटेशन 8 मार्च को समाप्त हो रहा है। वह पंजाब कैडर की अधिकारी हैं और फिलहाल एजीएमयूटी कैडर के तहत चंडीगढ़ में तैनात हैं। उन्होंने 9 मार्च 2023 को चंडीगढ़ के एसएसपी के रूप में कार्यभार संभाला था और इस पद पर पहुंचने वाली दूसरी महिला अधिकारी बनी थीं।

सूत्रों के मुताबिक उनके कार्यकाल को बढ़ाने की प्रक्रिया पहले ही शुरू हो चुकी है। पंजाब के राज्यपाल और यूटी प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने उनके सेवा विस्तार की सिफारिश की थी, जिसके बाद पंजाब सरकार ने भी नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट जारी कर दिया। फाइल अब केंद्रीय गृह मंत्रालय के माध्यम से प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली कैबिनेट की नियुक्ति समिति (एसीसी) के पास भेजी जा चुकी है। गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार सभी जरूरी मंजूरियां मिल चुकी हैं और अब केवल एसीसी के औपचारिक आदेश का इंतजार है, जो जल्द जारी होने की संभावना है।

# 14 मार्च की बदलाव रैली बनेगी भाजपा सरकार बनाने का आधार -तीक्ष्ण सूद

दलजीत अज्नोहा

होशियारपुर, यूटर्न, 06 मार्च। पूर्व कैबिनेट मंत्री व वरिष्ठ भाजपा नेता तीक्ष्ण सूद द्वारा जारी प्रैस नोट में बताया गया है कि 14 मार्च को भाजपा की मोगा में विशाल रैली होने जा रही है ,जिसमे लाखों की संख्या में लोग जुटेंगे। रैली की तैयारियों के लिए रैली इंचार्ज भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ.सुभाष शर्मा ने कल भाजपा कार्यालय में कार्यकताओं की बैठक ली तथा तैयारियों का जायजा लिया। श्री सूद तथा डॉ.सुभाष शर्मा ने कहा कि यह रैली पंजाब में भाजपा की सरकार बनाने के लिए नींव पत्थर साबित होगी। इस रैली के मुख्य वक्ता केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह होंगे। पंजाब की जनता इस समय आम आदमी पार्टी की घटिया तथा निमनस्तर की कारगुजारी से



बुरी तरह त्रस्त है। आम आदमी पार्टी ने बदलाव के नाम पर वोटें लेकर पंजाबिओं से धोखा किया है उनकी कोई भी गारंटी सिरे नहीं चढ़ी। सत्ता के 4 साल बाद भी पंजाब में नशे हटने तो एक तरफ इसमें बढोतरी हुई है ,अवैध माइनिंग तथा कानून व्यवस्था की स्थिति ने पंजाब को झकझोड़ कर रख दिया है। पंजाब पर करजे का बोझ दुगना हो गया है ,कोई भी सुरक्षित महसूस नहीं करता। किसानो के साथ सभी फसलों पर ऍम.एस .पी. देने का वायदा भी पूरा नहीं किया गया जबकि हरियाणा में भाजपा सरकार दे रही है। महिलाओं को अभी तक उनके हजार -हजार रूपए प्रतिमहीना नहीं मिले।

# 18 की रैली पर ऐतिहासिक संकल्प लेंगे जगरांव निवासी: कलेर



-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/6/मार्च। जगरांव इलाके के लोग 18 की रैली के मौके पर पार्टी अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल की मौजूदगी में ऐतिहासिक संकल्प लेंगे। ये विचार शिरोमणि अकाली दल के हलका इंचार्ज एसआर कलेर ने गांव फतेहगढ़ सिवियां में पार्टी कार्यकताओं की मीटिंग के बाद पत्रकारों से बात करते हुए कहे। यह मीटिंग 18 मार्च को जगरांव में होने वाली शिरोमणि अकाली दल की ऐतिहासिक रैली के सिलसिले में हुई थी। कलेर ने कहा कि भगवंत मान के रूप में राज्य की सत्ताधारी पार्टी ने पंजाब के लोगों को निराश किया है, जिसके चलते आम लोगों में कड़ा विरोध देखा जा रहा है। कलेर ने कहा कि पंजाब के भोले-भाले लोग खुद को लुटा-पिटा महसूस कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी ने लोगों को ऐसे सब्जबाग दिखाए हैं कि आज उनके बनाए शब्दों का जाल पंजाब के लोगों के लिए मकड़ी का जाल साबित हो रहा है। कलेर ने कहा कि लोग अब आम आदमी के नकाब में छिपे खास लोगों को सबक सिखाने के लिए मुट्ठी बांधकर बैठे हैं और आने वाले विधानसभा चुनाव में AAP के लिए निराशाजनक स्थिति सामने आएगी। उन्होंने दावा किया कि लोगों का झुकाव अब शिरोमणि अकाली दल की तरफ है। अकाली दल के पक्ष में है और सुखबीर सिंह बादल अगले मुख्यमंत्री होंगे। इस मौके पर भूपिंदर सिंह भिंडा, पूर्व सरपंच एकम सिंह, पूर्व सरपंच जगविंदर सिंह, हरनेक सिंह संधू, अध्यक्ष हरजीत सिंह, बब्बू सिंह पंच, रेशम सिंह पंच, निरंजन सिंह, मेजर सिंह, जसवंत सिंह, बलजिंदर सिंह, वरयाम सिंह, वीरपाल सिंह, जसपाल सिंह और अन्य मौजूद थे।

# ऑल पंजाब आंगनवाड़ी कर्मचारी यूनियन 8 मार्च को महिला दिवस पर एक सेमिनार कर रही है

सोनू टुटेजा

बठिंडा, यूटर्न, 06 मार्च। आज यहां प्रेस को एक बयान जारी करते हुए ऑल पंजाब आंगनवाड़ी कर्मचारी यूनियन की स्टेट प्रेसिडेंट



हरगोबिंद कौर ने कहा कि ऑल पंजाब आंगनवाड़ी कर्मचारी यूनियन की तरफ से 8 मार्च को महिला दिवस पर एक सेमिनार किया जा रहा है। जिसमें पंजाब सरकार द्वारा आंगनवाड़ी वर्करों और हेल्परों से किए गए वादे पूरे न करने पर चर्चा की जाएगी और संघर्ष की अगली रूपरेखा का ऐलान किया जाएगा। इसके अलावा महिलाओं से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा की जाएगी और पंजाब सरकार से मांग की जाएगी कि महिलाएं बिल्कुल भी सुरक्षित नहीं हैं। घरों में, सड़कों पर और बाजारों में चोरियां हो रही हैं, हालात पूरी तरह से काबू से बाहर हो गए हैं। इसे कंट्रोल किया जाए और महिलाओं की सुरक्षा पक्की की जाए।

# मनीमाजरा के सुभाष नगर-इंदिरा कॉलोनी में बस क्यू शेल्टर की मांग तेज, 30 हजार से अधिक लोग परेशान



चंडीगढ़, यूटर्न, 06 मार्च। मनीमाजरा के सुभाष नगर और इंदिरा कॉलोनी क्षेत्र में बस क्यू शेल्टर की कमी को लेकर स्थानीय निवासियों में रोष बढ़ता जा रहा है। करीब 30 हजार की आबादी वाले इस इलाके के लोग लंबे समय से बस शेल्टर की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। मनीमाजरा ईडब्ल्यूएस रेजिडेंस वेलफेयर एसोसिएशन ने प्रशासन से जल्द आधुनिक बस शेल्टर बनाने की मांग की है।

एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजबीर सिंह भारतीय ने बताया कि क्षेत्र में आज तक बस क्यू शेल्टर की व्यवस्था नहीं की गई है, जबकि यहां से रोजाना सैकड़ों लोग बसों के जरिए विभिन्न क्षेत्रों में सफर करते हैं। धूप, बारिश और सर्दी के मौसम में लोगों को सड़क किनारे खड़े होकर बस का इंतजार करना पड़ता है, जिससे बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को सबसे ज्यादा परेशानी होती है। उन्होंने बताया कि इलाके में दो बड़े सरकारी स्कूल, कई निजी स्कूल और एक डिस्पेंसरी भी है, जहां आने-जाने वाले छात्रों और मरीजों को भी बस शेल्टर की कमी के कारण मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। एसोसिएशन ने प्रशासन से मांग की है कि यहां आधुनिक स्मार्ट बस क्यू शेल्टर बनाया जाए, जिसमें पीने का पानी, पर्याप्त रोशनी और डिजिटल डिस्प्ले जैसी सुविधाएं उपलब्ध हों।

# मुल्लांपुर में नशीली गोलियों के साथ युवक गिरफ्तार, पुलिस ने घेराबंदी कर दबोचा

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/6/मार्च। नशा तस्करों के खिलाफ छेड़ी गई मुहिम के तहत थाना दाखा की पुलिस ने एक युवक को नशीली गोलियों के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पकड़े गए आरोपी की पहचान शुभमदीप सिंह उर्फ काला उर्फ बंटी पुत्र जसपाल सिंह, निवासी मोहल्ला दीप नगर, मंडी मुल्लांपुर के रूप में हुई है।

**पुलिस पार्टी को देख पेड़ के पीछे छिपने लगा आरोपी...** मामले की जानकारी देते हुए एसआई गुरमीत सिंह ने बताया कि जब पुलिस पार्टी संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग के संबंध में रकबा रोड स्थित बे-आबाद कॉलोनी की ओर गश्त कर रही थी, तो सामने से एक युवक आता दिखाई दिया।

# जेल में बंद कर्मचारियों की रिहाई के लिए पंजाब के सभी डिपो के गेट पर की गई गेट रैली:-सोहन सिंह

## पंजाब सरकार मांगों की जगह दे रही है मीटिंगो की तरीख

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/6/मार्च। पंजाब रोडवेज पनबस/PRTC कॉन्ट्रैक्ट वर्कर्स यूनियन पंजाब 25/11 ने राज्य के डिपो पर गेट रैली की, जिस पर बोलते हुए डिपो प्रेसिडेंट सोहन सिंह ने कहा कि यूनियन अपनी मांगों को लेकर संघर्ष कर रही है, सरकार मांगों का हल करने की जगह बलपूर्वक उनकी आवाज दबाने की कोशिश कर रही है। सरकार के साथ बार-बार मीटिंग में मांगों को हल करने के बजाय कमेटियां बनाकर समय बर्बाद करने की राजनीति लगभग 4 साल से चल रही है, जबकि पंजाब के मुख्यमंत्री के साथ मीटिंग में पंजाब के मुख्यमंत्री ने माना था कि मांगें वाजिब और जायज हैं। 1 जुलाई 2024 को मांगों को एक महीने के अंदर हल करने को कहा गया था, लेकिन सरकार और मैनेजमेंट के अधिकारियों ने हर मांग पर कमेटी बना दी, लेकिन मांगों को हल करने के बजाय संगठन ने किलोमीटर स्कीम बसों की मांग पर कमेटी बना दी। कमेटी में किलोमीटर स्कीम के घाटे में होने के सभी सबूत पेश करने के बावजूद सरकार और मैनेजमेंट किलोमीटर स्कीम बसों के टेंडर जबरदस्ती खोलने की कोशिश कर रही है, जिसके विरोध में गेट रैली की जा रही थी। सरकार और मैनेजमेंट प्राइवेट माफिया को फायदा पहुंचाने और संगठन के नेताओं और वर्करों को जबरदस्ती हटाकर प्राइवेटाइजेशन की पॉलिसी अपनाने और उनकी आवाज दबाने के लिए 10 साथियों पर 307 जैसी धाराओं के तहत केस दर्ज करके जेलों में डालने की कोशिश कर रहे हैं। वे डिपार्टमेंट को प्राइवेटाइज करने और डिपार्टमेंट की संपत्ति बेचने की भी कोशिश कर रहे हैं।



## पंजाब पुलिस में 3298 कर्मचारियों की होगी भर्ती, 10 मार्च से ऑनलाइन प्रोसेस शुरू होगा, कंट्रोल रूम बना, हेल्पलाइन नंबर-क्यूआर कोड जारी

नवीन गोगना

पंजाब, यूटर्न, 06 मार्च। पंजाब पुलिस में इस साल 3298 कर्मियों की भर्ती होगी। भर्ती प्रक्रिया के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 10 मार्च से शुरू होगी। 30 मार्च की रात 11 बजकर 55 मिनट तक आवेदन किए जा सकेंगे। इसके बाद विभाग द्वारा आगे की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। भर्ती प्रक्रिया में अभ्यर्थियों को किसी तरह की दिक्कत न आए, इसके लिए एक कंट्रोल रूम बनाया गया है।



# मोबाइल न देने परिवार पर हमला, जख्मी महिला की मौत, पहले रेहड़ी पर पिता-पुत्र को पीटा

पंजाब/यूटर्न/6 मार्च। जालंधर के सुदामा विहार में मोबाइल फोन न देने पर युवकों ने बेटे और उसके पिता को पीटा। इसके बाद घर पर पथराव किया। इस हमले में महिला को गंभीर चोट आई। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहाँ इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। ननकाई देवी का बेटा मीट की रेहड़ी लगाता है। उसकी रेहड़ी पर आरोपी युवकों से विवाद हुआ था। सूचना पर पहुँची थाना सात की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल में रखवा दिया है और मामले की जाँच शुरू कर दी है। पीड़ित करन ने बताया कि वह सुदामा विहार में चिकन की रेहड़ी लगाता है। रेहड़ी पर तीन से चार युवक आए और उसका फोन मांगने लगे। करन का आरोप है कि ये युवक गांजा बेचने का कारोबार करते हैं। जब उसने फोन देने से इनकार किया तो युवकों ने उसके बेटे को थप्पड़ मार दिया और हंगामा करने लगे। बाद में लोगों ने हस्तक्षेप कर मामला शांत कराया।



### देर रात धारदार हथियारों से किया हमला, ईंट पत्थर बरसाए

करन के अनुसार, देर रात इसी बात को लेकर आरोपियों ने रंजिश में उनके घर पर ईंट-पत्थर और तेजधार हथियारों से हमला कर दिया। हमले में उनकी माँ ननकाई देवी घायल हो गई। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया गया। हालाँकि, बाद में उनकी तबीयत बिगड़ गई और उनकी मौत हो गई।

### नशे का काम करते हैं आरोपी

अनिल कुमार ने भी बताया कि आरोपियों ने उनके बेटे से मोबाइल माँगा था। मोबाइल न देने पर बदमाशों ने उनके बेटे पर हमला किया और फिर उनके घर पर भी हमला कर दिया। पीड़ित परिवार ने घटना की शिकायत थाना 7 की पुलिस को दी है। पुलिस ने परिवार के बयानों के आधार पर जाँच शुरू कर दी है।

## डिप्टी कमिश्नर आशिका जैन ने मुख्यमंत्री सेहत योजना के पंजीकरण में तेजी लाने के दिए निर्देश



होशियारपुर, यूटर्न, 06 मार्च। डिप्टी कमिश्नर आशिका जैन ने जिले के सभी विभागों के प्रमुख अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने विभागों के अंतर्गत आने वाले सभी अधिकारियों और कर्मचारियों का मुख्यमंत्री सेहत योजना के तहत पंजीकरण सुनिश्चित करें। जिला प्रशासकीय परिसर में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में इस योजना के माध्यम से प्रदेश के हर नागरिक को कैशलेस इलाज की सुविधा प्रदान कर रही है, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित न रहे। उन्होंने बताया कि जिले में इस समय 300 से अधिक स्थानों पर मुख्यमंत्री सेहत योजना के तहत पंजीकरण किया जा रहा है। इसके अलावा जिला प्रशासकीय परिसर के सेवा केंद्र में भी लोगों की रजिस्ट्रेशन की सुविधा उपलब्ध है। विभागों की मांग के अनुसार विभिन्न स्थानों पर विशेष पंजीकरण कैंप भी लगाए जा सकते हैं, जिसके लिए संबंधित विभागों को पहले से सूचना देनी होगी। डिप्टी कमिश्नर ने जिले के नागरिकों से भी अपील की कि वे जल्द से जल्द इस योजना के तहत पंजीकरण करवाकर कैशलेस इलाज की सुविधा का लाभ उठाएं। उन्होंने बताया कि योजना में लिवर, किडनी, कैंसर सहित कई गंभीर बीमारियों के इलाज और सर्जरी को शामिल किया गया है। साथ ही आयुष्मान कार्ड धारक सरल ई-केवाईसी के माध्यम से इसे 10 लाख रुपये तक अपग्रेड कर सकते हैं।

## महिला सशक्तिकरण ट्रॉफी नहीं, फैसलों से हासिल होने वाला अधिकार है - अनीता शर्मा



लुधियाना/यूटर्न/6 मार्च। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नवकिरण वूमेन वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से महिला सशक्तिकरण विषय पर एक चर्चा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अगुवाई संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनीता शर्मा ने की। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए अनीता शर्मा ने कहा कि महिला दिवस केवल एक दिन का आयोजन नहीं है, बल्कि समाज में मानसिकता परिवर्तन का अवसर भी है। उन्होंने कहा कि वास्तविक सशक्तिकरण तभी संभव है जब इसे केवल चर्चा तक सीमित न रखकर व्यवहार और कार्य में उतारा जाए। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण का सबसे मजबूत आधार आर्थिक आत्मनिर्भरता है। इसके लिए महिलाओं को आधुनिक दौर के अनुरूप कौशल जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), डिजिटल मार्केटिंग और कोडिंग सीखने के अवसर मिलने चाहिए। साथ ही वित्तीय साक्षरता के माध्यम से निवेश, बचत और टैक्स की बुनियादी जानकारी भी जरूरी है। अनीता शर्मा ने कहा कि सशक्तिकरण की शुरूआत घर से होती है और घरेलू जिम्मेदारियों में समान भागीदारी आवश्यक है। बेटियों को केवल पारंपरिक भूमिकाओं तक सीमित रखने के बजाय उन्हें स्वतंत्र सोच और निर्णय लेने की शक्ति दी जानी चाहिए।

# सेक्टर-38 में हॉकी खिलाड़ी तान्या की हत्या का मामला सुलझा, दो नाबालिग गिरफ्तार

## वारदात में इस्तेमाल चाकू बरामद, अन्य आरोपियों की तलाश जारी

अजीत झा,

चंडीगढ़, यूटर्न, 06 मार्च। सेक्टर-38ए में हॉकी खिलाड़ी तान्या की हत्या के मामले में चंडीगढ़ पुलिस ने 24 घंटे के भीतर बड़ी कार्रवाई करते हुए दो नाबालिग आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल किया गया चाकू भी बरामद कर लिया है। यह कार्रवाई एसएसपी कंवरदीप कौर के निर्देश पर एसपी सिटी के.एम. प्रियांका के मार्गदर्शन और एसडीपीओ साउथ-वेस्ट धीरज कुमार की निगरानी में की गई। सेक्टर-39 थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राम दयाल के नेतृत्व में गठित टीम, जिसमें एसआई कुलदीप सिंह (इंचार्ज पीपी पलसोरा) और एएसआई मुकेश कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे, ने दोनों नाबालिगों को काबू किया।





पुलिस के अनुसार सेक्टर-38 निवासी रवि कुमार, जो पेशे से ऑटो चालक है, ने शिकायत में बताया कि उसके दादा के नाम सेक्टर-38ए स्थित मकान नंबर 682/1 है। इस मकान पर पिछले करीब 22 वर्षों से उसकी बहन टीना, उसका पति रवि और उनके बेटे जबरन कब्जा किए हुए हैं। कई बार मकान खाली करने के लिए कहने के बावजूद उन्होंने इसे नहीं छोड़ा।

5 मार्च को दोपहर करीब 3 से 3:30 बजे के बीच शिकायतकर्ता की बेटियां और भतीजा उक्त मकान पर विवाद सुलझाने पहुंचे थे। इसी दौरान टीना, रवि और उनके बेटों ने उनसे झगड़ा शुरू कर दिया। झगड़े के दौरान एक नाबालिग ने तेजधार चाकू से शिकायतकर्ता की बेटी तान्या की पीठ के बाईं ओर वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर गिर गई। इसी दौरान एक अन्य युवक ने लोहे के फावड़े से शिकायतकर्ता के भतीजे पर हमला कर दिया, जिससे वह भी घायल हो गया। गंभीर रूप से घायल तान्या को तुरंत सेक्टर-16 के सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आरोपियों ने मौके पर खड़ी शिकायतकर्ता की स्विफ्ट कार (उल-01-इद-7750) पर भी पथराव कर नुकसान पहुंचाया।

इस मामले में सेक्टर-39 थाना पुलिस ने एफआईआर नंबर 30, दिनांक 5 मार्च 2026 के तहत हत्या सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वारदात के कुछ ही समय बाद दोनों नाबालिग आरोपियों को पकड़ लिया और हत्या में इस्तेमाल किया गया चाकू भी बरामद कर लिया। पुलिस ने दोनों नाबालिगों को सेक्टर-25 स्थित जुवेनाइल होम भेज दिया है। डीएसपी धीरज कुमार ने बताया कि सेक्टर-38 में हॉकी खिलाड़ी तान्या की हत्या का मामला सामने आने के बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी समेत एक अन्य नाबालिग को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने कहा कि मामले में नामजद अन्य सात आरोपियों की भी पहचान कर ली गई है और उन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# UPSC सिविल सेवा परीक्षा में ट्राईसिटी के छात्रों का शानदार प्रदर्शन, एकांश ढुल ने हासिल की ऑल इंडिया तीसरी रैंक

चंडीगढ़, यूटर्न, 06 मार्च। यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन द्वारा जारी सिविल सेवा परीक्षा-2025 के अंतिम परिणाम में ट्राईसिटी से जुड़े छात्रों ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। चंडीगढ़ में पढ़ाई करने वाले कई प्रतिभाशाली छात्रों ने परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र का नाम रोशन किया।







सेक्टर-26 स्थित सेंट कबीर स्कूल से पढ़ाई कर चुके एकांश ढुल ने इस वर्ष ऑल इंडिया तीसरी रैंक हासिल कर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। एकांश हरियाणा भाजपा नेता कृष्ण ढुल के बेटे हैं। यह उनका तीसरा प्रयास था। इससे पहले भी वह सिविल सेवा परीक्षा में सफल हो चुके थे और उन्हें क्रमश: 295वीं और 342वीं रैंक मिली थी। वहीं चंडीगढ़ के सेक्टर-16 स्थित गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल से पढ़े नीरज ने 180वीं रैंक हासिल की है। नीरज के पिता डॉ. देवराज सेक्टर-11 के गवर्नमेंट कॉलेज में प्रोफेसर हैं। नीरज इससे पहले भारतीय राजस्व सेवा (IRS) के लिए भी चयनित हो चुके हैं।

इसके अलावा सेक्टर-11 के पोस्ट ग्रेजुएट गवर्नमेंट कॉलेज की पूर्व छात्रा निधि ने भी सिविल सेवा परीक्षा में 466वीं रैंक हासिल की है। निधि मूल रूप से हिमाचल प्रदेश के त्रिलोकपुर गांव की रहने वाली हैं। उनकी शुरूआती शिक्षा पंचकूला के सेक्टर-11 स्थित मानव मंगल स्कूल से हुई। इसके बाद उन्होंने 12वीं तक की पढ़ाई चंडीगढ़ के सेक्टर-16 स्थित गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल से की। निधि ने आगे की पढ़ाई पोस्ट ग्रेजुएट गवर्नमेंट कॉलेज सेक्टर-11 से बीएससी बायोटेक्नोलॉजी में की। उनके पिता धनी राम भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (ITBP) में असिस्टेंट कमांडेंट के पद पर तैनात हैं। यूपीएससी के इस परिणाम के बाद ट्राईसिटी के शैक्षणिक संस्थानों में खुशी का माहौल है और छात्रों की इस उपलब्धि को क्षेत्र के लिए गौरव की बात माना जा रहा है।

# बठिंडा पुलिस ने अवैध विदेशी हथियार सहित आरोपी को किया गिरफ्तार, 4 जिंदा कारतूस बरामद



सोनू टुटेजा

बठिंडा, यूटर्न, 06 मार्च। बठिंडा पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एक व्यक्ति को अवैध विदेशी हथियार सहित गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपी के कब्जे से एक अवैध ग्लॉक 9 एमएम पिस्तौल और चार जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। यह कार्रवाई डीजीपी पंजाब गौरव यादव के निर्देशों और डीआईजी बठिंडा रेंज हरजीत सिंह के मार्गदर्शन में की गई। एसएसपी बठिंडा डॉ. ज्योति यादव के नेतृत्व में एसपी (जांच) जसमीत सिंह और डीएसपी (जांच) संदीप सिंह भाटी की निगरानी में सीआईए स्टाफ-2 की टीम ने आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार 5 मार्च को सीआईए स्टाफ-2 की टीम थाना सिविल लाइंस क्षेत्र में गश्त कर रही थी, तभी सूचना मिली कि एक व्यक्ति कैंट रोड बठिंडा में अवैध हथियार के साथ घूम रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी शेर सिंह उर्फ जस्सा, निवासी वानिया, तहसील अजनाला, जिला अमृतसर को रिंग रोड बठिंडा से गिरफ्तार कर लिया। जांच में सामने आया कि आरोपी के खिलाफ इंग्लैंड में भी हत्या का मामला दर्ज है, जिसमें उसे 22 साल की सजा हुई थी। वर्ष 2021 में वह सेंट्रल जेल पटियाला से साथियों के साथ फरार हो गया था। पुलिस आरोपी को अदालत में पेश कर रिमांड पर लेकर आगे की पूछताछ करेगी।

# जीरकपुर में ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों पर सख्ती, फरवरी में 4197 चालान

जीरकपुर, यूटर्न, 06 मार्च। शहर में ट्रैफिक नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों पर जीरकपुर ट्रैफिक पुलिस ने सख्ती बढ़ा दी है। फरवरी माह के दौरान ट्रैफिक पुलिस ने नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कुल 4197 चालान किए हैं। ट्रैफिक इंचार्ज इंस्पेक्टर मनफूल सिंह ने बताया कि शहर के विभिन्न चौकों, ट्रैफिक लाइट प्वाइंट्स और व्यस्त सड़कों पर ट्रैफिक पुलिस की टीमें लगातार तैनात की गई हैं। नियमों की पालना न करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ मौके पर ही चालान काटे जा रहे हैं, ताकि सड़क पर अनुशासन बनाए रखा जा सके। उन्होंने बताया कि बिना हेलमेट वाहन चलाना, सीट बेल्ट न लगाना, रेड लाइट जंप करना, ओवरस्पीडिंग और गलत दिशा में वाहन चलाने जैसे मामलों में विशेष तौर पर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का मुख्य उद्देश्य सड़क हादसों को कम करना और लोगों को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक करना है। शहर के लोगों का कहना है कि जब से इंस्पेक्टर मनफूल सिंह ने ट्रैफिक इंचार्ज का पदभार संभाला है, तब से ट्रैफिक व्यवस्था में काफी सुधार देखने को मिला है। लगातार हो रही कार्रवाई के कारण अब अधिकतर वाहन चालक नियमों का पालन करने लगे हैं। ट्रैफिक पुलिस ने शहरवासियों से अपील की है कि अपनी और दूसरों की सुरक्षा के लिए ट्रैफिक नियमों का पालन करें। नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ भविष्य में भी इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।







# फौजी ने माता-पिता को शूट किया, छुट्टी मनाने घर आया था, मामूली बात पर झगड़ा हुआ



पंजाब/यूटर्न/6 मार्च। बठिंडा में छुट्टी पर आए एक फौजी ने अपने माता-पिता को गोली मार दी। फायरिंग के बाद पिता को गंभीर हालत में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। डॉक्टरों ने उनकी हालत नाजुक बताई है। दरअसल, सेना में कॉन्स्टेबल के पद पर तैनात फौजी हरप्रीत सिंह हाल ही में छुट्टी पर अपने घर आया था। इसी दौरान उसका एक मामुली बात पर माता-पिता से झगड़ा हो गया। झगड़े के बाद अचानक वो गुस्से में आकर दोनों पर फायर कर देता है। दोनों घायल होकर जमीन पर गिर जाते हैं। गोली की आवाज सुन बाकी परिजन और पड़ोसी भागकर आते है और दोनों को पहले सिविल अस्पताल ले जाया जाता है। जिसके बाद उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर देती है।

**छुट्टी मनाने घर आया था फौजी...**बठिंडा का फौजी हरप्रीत सिंह हाल ही में छुट्टी पर अपने घर जोगी नगर लौटा था। घर आने के दिन से वो अपने माता-पिता और यहां तक की दूसरे रिश्तेदारों से भी लड़ता रहता था। गुरुवार रात उसकी अपने पिता दलजीत सिंह और मां परमजीत कौर से झगड़ा हो गया। झगड़ा मामूली बात को लेकर हुआ था। लेकिन विवाद बढ़ता गया और फौजी हरप्रीत ने पहले तो माता-पिता को खूब पीटा। इसके बाद भी उसका गुस्सा ठंडा नहीं हुआ तो उसने अपनी लाइसेंसी पिस्टल से दोनों को गोली मार दी। गोली मारने के बाद भी उसने अपने पिता दलजीत सिंह की पिटाई की।

# मिशन विकसित बठिंडा के तहत वार्ड-18 में बनेगा कम्युनिटी सेंटर, मेयर पदमजीत सिंह मेहता ने रखा नींव पत्थर



बठिंडा, यूटर्न/6 मार्च। शहर के विकास को गति देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे 'मिशन विकसित बठिंडा' के तहत वार्ड नंबर 18 में कम्युनिटी सेंटर का निर्माण किया जाएगा। मेयर पदमजीत सिंह मेहता ने पार्षद बिक्रम क्रांति के वार्ड के उधम सिंह नगर, गली नंबर 19 में बनने वाले कम्युनिटी सेंटर का नींव पत्थर रखकर निर्माण कार्य की शुरूआत करवाई। इस दौरान क्षेत्र के लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान पार्षद बिक्रम क्रांति ने अपनी पत्नी यशोदा और इलाके के निवासियों के साथ मिलकर मेयर पदमजीत सिंह मेहता और सीनियर डिप्टी मेयर शाम लाल जैन का स्वागत किया। इस मौके पर नगर निगम के एसडीओ योगेश गर्ग और जेई अमित कुमार भी मौजूद रहे। मेयर मेहता ने बताया कि उधम सिंह नगर में लंबे समय से कम्युनिटी हॉल की जरूरत महसूस की जा रही थी, क्योंकि इलाके में सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रमों के लिए उपयुक्त स्थान उपलब्ध नहीं था। अब लगभग 283 गज जमीन पर करीब 46 लाख रुपये की लागत से कम्युनिटी सेंटर का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके बनने से इलाके के लोगों को विवाह, धार्मिक समारोह और अन्य सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन में बड़ी सुविधा मिलेगी।

# थार सवार सरपंच की दिनदहाड़े 8 गोलियां मारकर हत्या, फॉर्च्यूनर में आए हमलावर



पंजाब/यूटर्न/6 मार्च। मोगा में शुक्रवार को दिनदहाड़े सरपंच हैप्पी की गोलियां मारकर हत्या कर दी गई। बाघा पुराना में फॉर्च्यूनर गाड़ी में आए 5 हमलावरों ने वारदात को उस समय अंजाम दिया जब हैप्पी थार में अपने जिम जा रहे थे। करीब 10 से 12 राउंड फायरिंग की गई, जिसमें से 8 गोलियां सरपंच को लगी। गोलियां लगने से हैप्पी गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत सिविल अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के उच्च अधिकारी मौके पर पहुंचे। मोगा के एसएसपी अजय गांधी ने घटनास्थल का जायजा लिया और पुलिस टीमों को जांच के आदेश दिए। पुलिस ने इलाके में नाकाबंदी कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। हैप्पी ने बतौर आजाद सरपंच का चुनाव जीता था। इसके बाद उन्होंने कांग्रेस को समर्थन दिया था।

**सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस**

एसएसपी ने बताया कि ये मामला आपसी रंजिश का है। पहले भी झगड़ा हुआ था। पर्सनल एंगल पर ही जांच चल रही है। जो बंदे इसमें शामिल है, उन सब की पहचान हो गई हैं। हमें कुछ क्लू मिले हैं। जिस गाड़ी में हमलावर आए थे, उसकी भी पुलिस टीम पीछा कर रही है। उन्होंने कहा कि इस मामले को जल्दी हल कर सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। सरपंच के खिलाफ भी 10 से 12 पर्चे दर्ज थे। पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है। इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है।

# एटीएम तोड़कर लूट की कोशिश करने वाले जीजा-साले समेत तीन आरोपी गिरफ्तार



बठिंडा, यूटर्न, 06 मार्च। जिले के गांव रामसरा में एक्सिस बैंक के एटीएम को तोड़कर लूट की कोशिश करने के मामले में पुलिस ने जीजा-साले समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से वारदात में इस्तेमाल की गई एक क्रूजर गाड़ी भी बरामद की है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ जारी है और पुलिस उनके आपराधिक नेटवर्क की जांच कर रही है। थाना रामां मंडी के एसएचओ कौर सिंह के अनुसार 28 फरवरी और 1 मार्च की दरमियानी रात अज्ञात लोगों ने गांव रामसरा स्थित एक्सिस बैंक के एटीएम को निशाना बनाया था। आरोपियों ने एटीएम मशीन को तोड़कर उसमें रखी नकदी निकालने की कोशिश की, लेकिन वे सफल नहीं हो सके। हालांकि वारदात के दौरान मशीन को काफी नुकसान पहुंचाया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक आरोपी फरार हो चुके थे। इसके बाद पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और तकनीकी जांच के आधार पर संदिग्धों की पहचान की। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए हिमांशु, रंजीत कुमार और रवि कुमार को गिरफ्तार कर लिया। इनमें से दो आरोपी आपस में जीजा-साले बताए जा रहे हैं। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल की गई क्रूजर गाड़ी (PB-01A-6754) भी बरामद कर ली है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों से गहन पूछताछ की जा रही है और यह भी जांच की जा रही है कि वे पहले भी किसी एटीएम लूट गिरोह से जुड़े रहे हैं या नहीं।



# खामेनेई को मारने के लिए ब्लू स्पैरो मिसाइल समेत करीब 30 सटीक निशाना लगाने वाले हथियार दागे गए थे

चंडीगढ़/यूटर्न/6 मार्च। 86 साल के धर्मगुरु की मौत एक ताकतवर हवा से लॉन्च होने वाली मिसाइल से हुई, जिसे ब्लू स्पैरो के नाम से जाना जाता है। यह एक ऐसा हथियार है जो बहुत तेज स्पीड से स्पेस के किनारे तक जाकर धरती की तरफ वापस आ सकता है। शनिवार को यूएस-इजराइली हमला एक ऐसी लड़ाई की नाटकीय शुरूआत थी जो अब पूरे मिडिल ईस्ट में फैल गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह मिसाइल तेहरान के अंदर सीनियर ईरानी लीडरशिप को टारगेट करते हुए एक कोऑर्डिनेटेड इजराइली ऑपरेशन के दौरान दागी गई थी। यह मिसाइल पाश्चर स्ट्रीट पर खामेनेई के भारी सुरक्षा वाले कंपाउंड पर गिरी, जहाँ कई बड़े अधिकारी एक मीटिंग के लिए इकट्ठा हुए थे। ईरानी सरकारी मीडिया ने अगली सुबह सुप्रीम लीडर की मौत की पुष्टि की। ब्लू स्पैरो मिसाइल एक क्वासी-बैलिस्टिक ट्रैजेक्टरी को फॉलो करती है, जिसका मतलब है कि यह धरती के एटमॉस्फियर से बहुत ऊपर चढ़ती है और फिर अपने टारगेट की ओर तेजी से नीचे आती है।



## रिएक्शन टाइम को कम करती है

खड़ी चढ़ाई एयर डिफेंस सिस्टम के लिए रिएक्शन टाइम को काफी कम कर देती है, जिससे इंटरसेप्शन बहुत मुश्किल हो जाता है और हथियार को बिना किसी वॉर्निंग के भारी सुरक्षा वाले टारगेट पर हमला करने की इजाजत मिल जाती है। इजराइली अधिकारियों ने कहा कि मिसाइल के माने जा रहे टुकड़े बाद में इराक में मिले, जिसके बारे में एनालिस्ट का मानना है कि वह तेहरान की ओर उसका फ्लाइट पाथ था। यह हमला ऑपरेशन एपिक फ्यूरी नाम के एक बड़े इजराइली कैंपेन का हिस्सा था, जिसमें ईरान के खास मिलिट्री और पॉलिटिकल लीडरशिप पोजीशन को टारगेट किया गया था।

## अति पावरफूल मिसाइल है ब्लैक स्पैरो

असल में इजराइल के स्पैरो मिसाइल परिवार के हिस्से के तौर पर डेवलप किया गया, जिसमें ब्लैक स्पैरो और सिल्वर स्पैरो सिस्टम भी शामिल हैं। इस हथियार को मिसाइल डिफेंस टेस्ट के दौरान सोवियत-युग की स्कड मिसाइलों की नकल करने के लिए डिजाइन किया गया था। समय के साथ, मिसाइल को ऑपरेशनल स्ट्राइक मिशन के लिए बदला गया। लगभग 6.5 मीटर लंबी और लगभग 1.9 टन वजन वाली यह मिसाइल लगभग 1,240 मील (लगभग 2,000 किलोमीटर) की दूरी तय कर सकती है और इसे आमतौर पर मैकडॉनेल डगलस एफ-15 ईगल जैसे फाइटर एयरक्राफ्ट से लॉन्च किया जाता है। लॉन्च के बाद, एक बूस्टर रॉकेट मिसाइल को स्पेस के किनारे की ओर ले जाता है, इससे पहले कि वह अलग हो जाए और तेज स्पीड से एटमॉस्फियर में वापस आकर अपने टारगेट पर गिरे।

## लगातार दागी गई मिसाइलें

इजराइली फाइटर एयरक्राफ्ट ने ईरान टाइम के हिसाब से सुबह 7.30 बजे के कुछ देर बाद उड़ान भरी और लगभग दो घंटे बाद लॉन्च पोजीशन पर पहुँच गए। सुबह करीब 9.40 बजे, कई ब्लू स्पैरो मिसाइलों समेत करीब 30 प्रिसिजन-गाइडेड हथियार खामेनेई के कंपाउंड और आस-पास की जगहों पर दागे गए। सोशल मीडिया पर चल रहे वीडियो में तेहरान में कई जगहों से घना धुआँ उठता दिखा, जिसमें सुप्रीम लीडर का घर भी शामिल था। बाद में सैटेलाइट इमेज से पता चला कि कॉम्प्लेक्स के अंदर कई बिल्डिंग्स को बहुत नुकसान हुआ था।

## सालों से चल रहा इंटेलिजेंस ऑपरेशन

*यह हमला इजराइल की जासूसी एजेंसी मोसाद और साइबर-इंटेलिजेंस यूनिट यूनिट 8200 की लंबे समय से चल रही इंटेलिजेंस कोशिश का नतीजा था। खबर है कि इजराइली इंटेलिजेंस एजेंसियों ने खामेनेई के सिक्योरिटी डिटेल की मूवमेंट को ट्रैक करने और कंपाउंड के आस-पास की एक्टिविटी की मैपिंग करने में सालों बिताए। स्ट्राइक का आखिरी फैसला तब आया जब इंटेलिजेंस से पता चला कि ईरान के कई बड़े अधिकारी शनिवार सुबह खामेनेई के साथ आमने-सामने मीटिंग में शामिल होंगे। खबर है कि खामेनेई ज्यादातर रातें अपने घर के नीचे एक गहरे अंडरग्राउंड बंकर में बिता रहे थे, ईरानी अधिकारियों का मानना था कि यह उन्हें हवाई हमलों से बचाएगा।*

# हरकृष्ण एन्क्लेव की बदहाल सड़क से लोग परेशान, जल्द सुधार की उठी मांग



जीरकपुर, यूटर्न, 06 मार्च। बलटाना क्षेत्र के हरकृष्ण एन्क्लेव के निवासियों ने टूटी हुई सड़क को लेकर नगर परिषद जीरकपुर को शिकायत देकर जल्द मरम्मत की मांग की है। कॉलोनी निवासी आर्यन गोयल ने नगर परिषद को लिखित पत्र देकर बताया कि एक्सोटिक अपार्टमेंट्स के पास काली माता मंदिर वाली लाइन में स्थित सड़क काफी समय से टूटी हुई है, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पत्र में बताया गया है कि सड़क पर कई जगह गहरे गड्ढे बने हुए हैं, जिसके कारण यहां से गुजरने वाले लोगों के फिसलने और हादसे का खतरा बना रहता है। बरसात के दिनों में गड्ढों में पानी भर जाता है, जिससे वाहन चालकों और पैदल चलने वालों को गड्ढे दिखाई नहीं देते और दुर्घटना की संभावना और बढ़ जाती है। निवासियों का कहना है कि जीरकपुर के अन्य इलाकों, विशेषकर बलटाना क्षेत्र की सड़कों की मरम्मत कर दी गई है, लेकिन हरकृष्ण एन्क्लेव की सड़क अभी भी बदहाल स्थिति में है। इससे कॉलोनी के लोगों के साथ-साथ आम जनता को भी परेशानी झेलनी पड़ रही है। शिकायत में यह भी बताया गया है कि कॉलोनी के पास एक शराब का ठेका भी है, जिसके सामने गंदगी फैली रहती है और सड़क की हालत और खराब हो गई है। लोगों ने मांग की है कि इस क्षेत्र की सफाई करवाई जाए और सड़क को भी जल्द ठीक कराया जाए। निवासियों ने नगर परिषद से अपील की है कि जनहित को देखते हुए हरकृष्ण एन्क्लेव की सड़क की जल्द मरम्मत करवाई जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके और दुर्घटनाओं की संभावना को रोका जा सके।

# 14 मार्च को किली चाहला होने वाली रैली पंजाबियों का भविष्य तय करेगी



-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/6/मार्च। भारत के गृह मंत्री अमित शाह की 14 मार्च को होने वाली किल्ली चाहला की रैली को सफल बनाने के लिए जिला अध्यक्ष डॉ. राजिंदर शर्मा ने अपनी पूरी टीम के साथ जगरांव जिले में गांव-गांव मीटिंग करके लोगों को एकजुट किया। आज पहलवान राजदीप सिंह और रामगढ़ भुल्लारा विखे दलबीर सिंह के प्रयासों से, शुभम मुल्लापुर और जगजीवन सिंह रकबा के प्रयासों से सिधवां बेट में एक विशाल सभा का आयोजन किया गया, जिसमें गेजा राम वाल्मीकि, मेजर सिंह देतवाल, सुमित अरोड़ा, जगजीवन सिंह रकबा, सरकल अध्यक्ष गुरदयाल सिंह गालिब, जगदेव सिंह देओल और मोहन सिंह लालका शामिल हुए। उन्होंने लोगों को पार्टी की नीतियों और नई योजनाओं के बारे में जानकारी देकर 14 मार्च की रैली में पूरी ताकत से जाने के लिए प्रेरित किया। ऐसा करते हुए उन्होंने कहा कि यह रैली पंजाबियों का भविष्य तय करेगी। इस अवसर पर राजदीप सिंह को जिला यूथ मोर्चा का सचिव नियुक्त किया गया।

# मोहल्ला लोहारा में चार दिन से गटर ओवरफ्लो, एक दर्जन घरों में घुसा गंदा पानी





डेराबस्सी, यूटर्न, 06 मार्च। डेराबस्सी नगर परिषद के अधीन वार्ड नंबर 12 के मोहल्ला लोहारा के लोग पिछले चार दिनों से गटर के ओवरफ्लो पानी से भारी परेशान हैं। बदबूदार गंदा पानी एक दर्जन घरों के अंदर घुस रहा है, जिससे लोगों का रहना मुश्किल हो गया है। वहीं गली में पानी भरने के कारण पैदल चलना भी दूभर हो गया है और वाहनों की आवाजाही पूरी तरह ठप हो गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद नगर परिषद की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिससे लोगों में परिषद के खिलाफ भारी रोष है। जानकारी के अनुसार इसी गली में कुछ समय पहले ही गटर की नई अंडरग्राउंड पाइपलाइन डाली गई थी। लोगों का आरोप है कि निर्माण कार्य के दौरान घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया, जिसके कारण पाइपलाइन धंस गई और पाइप टूट गया। इससे गंदे पानी की निकासी बंद हो गई और बदबूदार पानी विश्वकर्मा मंदिर वाली गली से लेकर अनाज मंडी रोड से जुड़ने वाली गली में लगातार जमा हो रहा है।

लोगों का कहना है कि गटर का पानी घरों में घुसने से हालात बेहद खराब हो गए हैं। घरों का गंदा पानी भी गटर में जाने की बजाय वापस घरों में ही बैक मार रहा है। ऐसे में इलाके में बीमारी फैलने का खतरा भी बढ़ गया है।

वार्ड के पार्षद अमित वर्मा ने बताया कि वे लगातार नगर परिषद कार्यालय से इस समस्या के समाधान की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि पाइपलाइन को तोड़कर दोबारा बिछाने की जरूरत है, लेकिन अभी तक इस दिशा में कार्रवाई नहीं हुई। वहीं परिषद के जेई सिविल वर्क्स कंवलजीत सिंह ने बताया कि समस्या के समाधान के लिए कैंबी वैन दो बार भेजी जा चुकी है। उनके अनुसार निर्माण कार्य के दौरान किसी ने मलबा पाइपलाइन के चैंबर में फेंक दिया, जिससे लाइन चोक हो गई। अब पाइपलाइन को तोड़कर साफ करना और नई लाइन बिछाना ही एकमात्र विकल्प बचा है। उन्होंने कहा कि जल्द ही काम शुरू कर लोगों को राहत दी जाएगी।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma

* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।

Contact - +91 9814295372